चैत्र शुक्ल पक्ष-11, 2080 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-07 , अंक - 303 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांकः म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल
19 अप्रैल 2024
शुक्रवार

# दोपहर मेट्रो

बेबाक खबर हर दोपहर

**आज का मौसम**
36 अधिकतम
23 न्यूनतम



Page-7

## मतदान का पहला चरण ; मप्र की 6 लोकसभा सीट पर वोटिंग, बंगाल में हिंसा, मणिपुर में फायरिंग

# 102 सीटों पर उम्मीदवारों की किस्मत लिख रहे मतदाता

**भोपाल/नई दिल्ली,दोपहर मेट्रो।**

लोकसभा चुनाव के पहले चरण में आज मप्र की छह सीटों समेत देशभर की 102 सीटों पर मतदान सुबह से जारी है। इस चरण में करीब 16 करोड़ लोग अपने मताधिकार का प्रयोग कर रहे हैं। पहले चरण में 21 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों की 102 सीटों पर कई केंद्रीय मंत्रियों, बडे नेताअं की किस्मत दांव पर लगी है। जिन प्रमुख राज्यों में मतदान हो रहा है, उनमें बिहार, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल भी शामिल हैं। बंगाल में बला की तेजी के साथ आज शुरूआती चरण में ही 34 फीसदी मत पड़े। मणिपुर व कूचबिहार में फायरिंग व हिंसा की खबरें हैं। आज पहले चरण में तमिलनाडु की सभी 39 सीटों पर मतदान हो जाएगा। यहां भाजपा के स्टार नेता व प्रदेश अध्यक्ष के. अन्नामलाई, डीएमके की कनिमोझी, डीएमके के दयानिधि मारन का भविष्य तय होगा। हिंदी पट्टी में मध्य प्रदेश के पूर्व सीएम कमलनाथ के बेटे नकुलनाथ, जितिन प्रसाद, किरिन रिंजिजू जैसे बड़े नाम भी शामिल हैं। मप्र में कुल 13588 मतदान केंद्रों में वोटिंग हो रही है। इसमें संवेदनशील मतदान केंद्र 2651 हैं। वहीं 221 बल्नरेबल क्षेत्रों को भी चिन्हित किया गया है। दोपहर तक करीब 35 फीसद वोट डाले जा चुके हैं।



हाइप्रोफाइल सीट छिंदवाडा में कांग्रेस के नकुलनाथ ने पिता कमलनाथ व मा के पैर छूकर मतदान किया। नाथ परिवार साथ में वोट देने पहुंचा



### विदाई से पहले वोट

बालाघाट के बूड़ी क्षेत्र में नवविवाहिता डॉली शांडिल्य ने मतदान केंद्र पहुंचकर मतदान किया। डॉली की शादी के बाद आज विदाई है।

### मप्र भाजपा ने बनाया कंट्रोल रूम

मप्र भाजपा ने भारत निर्वाचन आयोग के राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष की तर्ज पर मतदान संबंधी जिलों से आने वाली सूचनाओं को संकलित करने के लिए प्रदेश कार्यालय में नियंत्रण कक्ष स्थापित किया है। मतदान के दिन नियंत्रण कक्ष में प्रात: 6.30 बजे से मतदान संपन्न होने तक हर लोकसभा क्षेत्र के लिए पार्टी के दो नेता व तीन अधिवक्ताओं का पैनल मौजूद रहेगा और लोकसभा क्षेत्र से आने वाली सूचनाओं व समस्याओं की

### कहीं बहिष्कार तो कहीं मशीन अटकी

मप्र में ज्यादातर मतदान केंद्रों में मतदाताओं के बीच उत्साह देखने को मिल रहा है तो वहीं शहडोल के चौडार गांव में कुछ ग्रामीणों ने मूलभूत सुविधाओं को लेकर मतदान का बहिष्कार कर दिया। जबकि बालाघाट समेत कुछ स्थानों पर मतदान केंद्र पर मशीन के कुछ समय तक अटकने की सूचना मिली है। बाकि केंद्रों पर मतदान शांतिपूर्वक चल रहा है। शहडोल के चौडार के ग्रामीणों ने पक्की सड़क नहीं होने व पुल–पुलियाओं का निर्माण नहीं होने से नाराज होकर वोट डालने से मना कर दिया। कुछ अन्य गांवों से भी इस तरह की सूचना आई। हालांकि प्रशासन ने इन ग्रामीणों को समझाइश दी।

### छिंदवाड़ा में महापौर का यूटर्न, नाथ के पक्ष में अपील



मप्र में प्रतिष्ठा का प्रश्न बनी छिंदवाडा सीट पर आज नया मोड आ गया है। कुछ ही दिन पहले कांग्रेस से भाजपा में शामिल हुए महापौर विक्रम अहाके ने आज कांग्रेस के पक्ष में मतदान की अपील कर डाली। खबरों के मुताबिक अहाके ने वीडियो जारी कर नकुलनाथ को वोट देने की अपील की है। इस दौरान विक्रम ने कहा कि आज बिना दबाव के अपनी बात रखा रहा हूं। मैं जब से भाजपा में गया घुटन महसूस कर रहा था। अब आगे मेरे साथ क्या होगा ये पता नही लेकिन अब। में उस नेता को नहीं छोड़ सकता जिन्होंने छिंदवाड़ा का विकास किया। उल्लेखनीय है कि सीएम मोहन यादव और वीडी शर्मा के समक्ष अहाके ने गत माह भाजपा की सदस्यता ली थी।

### बस्तर में वोट के लिए 3 किमी का सफर

छत्तीसगढ़ की बस्तर लोकसभा सीट पर मतदान के लिये कई मतदाता तीन तीन किमी का पैदल सफर करके पहुंचे हैं। यहां आठ विधानसभा क्षेत्र है। इनमें कोंडागांव, नारायणपुर, चित्रकोट,दंतेवाड़ा, बीजापुर और कोंटा में सुबह सात बजे से दोपहर तीन बजे तक मतदान होगा। जबकि बस्तर और जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र में सुबह सात से शाम पांच बते तक मतदान होना है। इस सीट की चुनावी रण में कुल 11 प्रत्याशी अपना भाग्य आजमाने उतरे हैं। हालांकि, कांग्रेस के कवासी लखमा और भाजपा के प्रत्याशी महेश कश्यप के बीच सीधा मुकाबला है।

### बालाघाट में नक्सल प्रभावित बूथ पर सौ फीसद मतदान

मध्यप्रदेश की 6 सीटों छिंदवाड़ा, जबलपुर, मंडला, बालाघाट, शहडोल और सीधी पर वोटिंग के प्रति मतदाताओं में उत्साह नजर आया। जबलपुर सीट पर सबसे ज्यादा 19 प्रत्याशी और सबसे कम 10 प्रत्याशी मंडला सीट पर हैं। शहडोल के एक नक्सल प्रभावित बूथ पर सुबह 10 बजे के पहले 100त्न वोटिंग हो गई। यहां 80 वोटर हैं। उधर, शहडोल के बाघ के मूवमेंट वाले एक गांव में लोगों ने चुनाव का बहिष्कार कर दिया।

### सीआरपीएफ जवान की मौत

पश्चिम बंगाल के माथाभांगा में चुनाव ड्यूटी में लगे सीआरपीएफ जवान की मौत हो गई। जानकारी मिलते ही पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे। पुलिस का कहना है कि जवान बाथरूम में गिर गया था, इससे उसके सिर में चोट आई. इसके बाद अस्पताल ले जाया गया, जहां मौत हो गई।

## पीएम मोदी दमोह में, जल्द मुरैना में सभा व भोपाल में रोड शो



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज फिर मप्र के चुनावी दौर पर हैं। वे दमोह जिले के इमलाई ग्राम में जनसभा को संबोधित करने पहुंचे रहे हैं। प्रधानमंत्री की यह मप्र में चौथी सभा है। बताया जाता है कि प्रधानमंत्री आगामी 24 अप्रैल को सागर, बैतूल में भी चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। इसके बाद वे भोपाल में रोड शो करेंगे। प्रधानमंत्री की 25 अप्रैल को मुरैना में भी चुनावी सभा प्रस्तावित है। मप्र में तीसरे चरण की इन सभी सीटों पर सात मई को मतदान होना है। माना जा रहा है कि मोदी भाजपा ने उन प्रत्याशियों के समर्थन में ज्यादा सभा कर रहे है,जिन्हें पहली बार टिकट दिया गया है। मप्र में सभी 29 सीटें जीतने के मिशन के तहत भाजपा हर सीट पर जोर लगा रही है,इसके लिये अन्य केंद्रीय नेता लगातार दौरे कर रहे हैं। मुख्यमंत्री मोहन यादव भी आज खजुराहो, टीकमगढ़, सोहागपुर और इटारसी चुनाव प्रचार पर हैं। वे खजुराहो एयरपोर्ट पीएम का अगवानी कर रहे हैं।



### शिवराज ने नामांकन जमा किया



विदिशा–रायसेन लोकसभा सीट से पूर्व सीएम मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज अपना नामांकन दाखिल कर दिया है। इस मौके पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सहित कई नेता रायसेन पहुंचें। नामांकन से पहले रायसेन के दशहरे मैदान में एक चुनावी सभा भी हुई। चुनावी सभा के बाद रोड शो हुआ।

### भोपाल में श्रीवास्तव का नामांकन, रैली



भोपाल लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी अरुण श्रीवास्तव ने आज एक बार फिर से नामांकन दाखिल किया है। भवानी चौक से कलेक्टोरेट के लिए उनकी रैली निकली। इससे पहले सुबह उन्होंने कर्फ्यू वाली माता मंदिर में पूजन किया। कल इसी जगह से भाजपा उम्मीदवार आलोक शर्मा भी नामाकंन के लिये निकले थे। आज कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी, पूर्व मंत्री अरुण यादव समेत कई नेता भी श्रीवास्तव के साथ मौजूद रहे। रैली में शिवसेना (उद्धव) और आप के कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। श्रीवास्तव इससे पहले एक डमी नामांकन 16 अप्रैल को ही भर चुके हैं।

### मोदी ने युवा वोटर्स से की अपील, राहुल ने कहा वोट का मरहम लगाएं

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के पहले चरण के लिए आज मतदान हो रहा है। पहले दौर के चुनाव में 21 राज्यों की कुल 102 सीटों पर वोटिंग हो रही है। इस चरण में मतदाता चुनाव मैदान में उतरे 1,625 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगे। ऐसे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह से लेकर कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे तक ने सभी से अनुरोध किया है कि वह बढ़–चढ़कर वोट करें। मोदी ने मतदाताओं से भारी संख्या में वोट डालने की अपील व कहा पहली बार वोट देने जा रहे अपने युवा साथियों से मेरी यह विशेष अपील है कि वे भारी संख्या में मतदान करें।

## अब व्हाटस ऐप को टक्कर देने लांच होगा आरसीएस

**नई दिल्ली , एजेंसी।**

अब व्हाट्स एप की बादशाहत को टक्कर देने के लिए एक नया प्लेटफॉर्म इस साल के अंत तक आने वाला है। इसकी तुलना ऐपल के आई मैसेज से की जा रही है। यही वजह है कि कई रिपोर्ट में कहा जा रहा है रिच कम्यूनिकेशन सर्विस से एसएमएस और वाट्सअप को कड़ी टक्कर मिलेगी ये काफी अलग प्रकार की सर्विस है जिसे गूगल की तरफ से मार्केट में उतारा गया था। इसका सीधा तरीका है कि इसकी मदद से किसी को भी मैसेज भेज सकते हैं और इसमें इमोजी और मल्टीमीडिया का भी यूज किया जा सकता है। यानी ये पूरी तरह स्मार्ट तरीका है मैसेज भेजने का। आमतौर पर एसएमएस भेजने के लिए सेल्युलर की जरूरत होती है, लेकिन इसके लिए किसी की जरूरत नहीं है। ये दोनों ही तरीके से काम करता है। इंटरनेट की मदद से भी आप इसमें मैसेज भेज सकते हैं और इंटरनेट की गैरमौजूदगी में ये सेल्युलर पर शिफ्ट हो जाएगा। इस। पर ग्रुप चैट और फोटो शेयरिंग भी कर सकते हैं।



### सलमान के घर पर फायरिंग
## क्राइम ब्रांच ने एक और आरोपी को लिया हिरासत में

**मुंबई , एजेंसी।**

सलमान खान के घर फायरिंग करने के मामले में मुंबई क्राइम ब्रांच लगातार जांच में जुटी हुई हैं. फायरिंग के 3 दिन बाद की क्राइम ब्रांच ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था. दोनों आरोपी विक्की गुप्ता और सागर पाल को गिरफ्तार करने के बाद से ही पूछताछ कर रहे हैं. वहीं अब इस मामले में नया अपडेट सामने आया है. मुंबई क्राइम ब्रांच ने आरोपी विक्की गुप्ता के भाई सोनू गुप्ता को चंडीगढ़ से हिरासत में लिया है. क्राइम ब्रांच को शक है की सोनू भी इस साजिश का हिस्सा है. अब उससे भी पूछताछ की जाएगी.

### सेंसक्स-निफ्टी में भारी गिरावट
## इजराइल का ईरान पर पलटवार भारतीय शेयर बाजार में धमाके

**नई दिल्ली , एजेंसी।**

इजरालय ने ईरान पर आज जवाबी कार्रवाई शुरू कर दी है। भीषण युध्द के खतरे से दुनियाभर के कई देश भी आशंकित हैं तो भारतीय शेयर बाजार भी थर्रा गया है। ईरान पर जवाबी कार्रवाई का असर आज शेयर बाजार में भी देखने को मिल रहा है। सेंसेक्स और निफ्टी में भारी गिरावट हुई है। शुरुआती कारोबार में ही शेयर बाजार धड़ाम हो गया, सेंसेक्स आज 489 अंक गिरकर 71,999.65 पर खुला यह अब करीब 600 अंक गिरकर कारोबार कर रहा है। वहीं निफ्टी 200 अंक से ज्यादा गिरकर 21,788.25 पर कारोबार कर रहा है। बीएसई सेंसेक्स के सभी टॉप 30 शेयर में से आईटीसी और टाइटन के शेयर उछाल पर कारोबार करते रहे मगर बाकी के 28 शेयरों में गिरावट हुई है।



**मिसाइल अटैक:** इजरायल ने आज ईरान के कई शहरों पर मिसाइल और ड्रोन हमले किए हैं। ईरान के न्यूक्लियर साइट पर तीन मिसाइलें गिरने की खबर है। इस बीच इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने सभी सैन्यअड्डों को हाई अलर्ट कर दिया है. एयर डिफेंस सिस्टम एक्टिवेट कर दिए गए हैं। ईरान की सरकारी न्यूज एजेंसी के मुताबिक, ये हमला तड़के हुआ। इस्फहान शहर के एयरपोर्ट पर भी धमाके की आवाज सुनी गई।

## मप्र के कई शहरों में भीषण गर्मी, फिर होगी बारिश

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

बारिश, आंधी-ओले का दौर थमने के बाद मध्यप्रदेश में गर्मी का असर बढ़ता जा रहा है। इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर-उज्जैन समेत प्रदेश के 20 शहरों में दिन का तापमान 40 डिग्री के पार रहा। वहीं भोपाल में भी पारा 40 छूने को बेताब दिखा। हालांकि सुबह आसमान पर बादलों की आमद भी देखी गई मौसम विभाग ने अगले दो दिन यानी, 19 और 20 अप्रैल को गर्मी का असर रहने का अनुमान जताया है। 21 अप्रैल से अगले 3 दिन के लिए आंधी-बारिश का दौर फिर से शुरू हो सकता है।मौसम विभाग के अनुसार अगले दो दिन में वेस्टर्न डिस्टरबेंस का असर नजर आ सकता है।

## वॉइस एडमिरल दिनेश त्रिपाठी नए नौसेना प्रमुख नियुक्त

**नईदिल्ली, दोपहर मेट्रो**



नौसेना उप प्रमुख वाइस एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी को नए नौसेना प्रमुख नियुक्त किया गया है। रक्षा मंत्रालय के अनुसार वॉइस एडमिरल त्रिपाठी नौसेना प्रमुख का कार्यभार संभालेंगे। उसी दिन मौजूदा नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार सेवानिवृत हो रहे हैं। वॉइस एडमिरल त्रिपाठी का जन्म 15 मई 1964 में हुआ था और उन्हें एक जुलाई 1985 में नौसेना में कमीशन मिला था। उन्हें संचार के क्षेत्र तथा इलेक्ट्रॉनिक वॉरफेयर में विशेष महारत हासिल है और अपने 9 वर्ष के लंबे कार्यकाल के दौरान उन्होंने विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया है। उन्होंने आईएनएस विनाश, आईएनसएस किर्च और आईएनएस त्रिशूल जैसे युद्धपोतों की कमान संभाली है। वॉइस एडमिरल त्रिपाठी को उल्लेखनीय तथा सराहनीय सेवा के लिए अति विशिष्ट सेवा पदक तथा नौसेना पदक से स मानित किया जा चुका है।

# हमें चाहिए...आरी लेकर चलने वाला मैडमेन या सांताक्लाज?



**अर्थात्**
आशीष दुबे

अर्जेंटीना और भारत में भला क्या साम्य, वह भी तब जबकि दोनों देश भौगौलिक, आर्थिक, सामाजिक तौर पर बहुत दूर हैं? दरहकीकत, इस आम चुनाव के दौर में दोनों के बीच एक समानता जुडी है, वह है रेवडी कल्चर। अर्जेंटीना में चार महीने पहले तक आम चुनाव रेवड़ी कल्चर पर लड़ा जाता था। लगभग सब कुछ मुफ्त बांटने की होड़ थी, बेरोजगारी, महंगाई व मुद्रास्फीती तीन अंकों पर थी। चालीस साल से रेवडी कल्चर से नेता जीत रहे थे, मगर नवंबर में अर्जेंटीना ने उस व्यक्ति को चुन लिया, जो सभी मुफ्त योजना बंद करने का वादा कर रहा था और अपने प्रचार में आरी लेकर चलता था। उसकी आरी मुफ्तखोरी की योजनाओं व सरकारी खर्च में कटौती की प्रतीक थी। इस आरी से जेवियर माइली ने जबर्दस्त जनसमर्थन से चुनाव जीता। वे खुद को लॉयन कहते हैं और लोग उन्हें मेडमैन। यही वजह है अर्जेंटीना व भारत के राजनीतिक परिदृश्य में साम्य टटोलने की।

देश में आज लोकसभा चुनाव का पहला चरण शुरू हो गया है। सभी बड़े दल अपने मेनिफेस्टो में लोकलुभावन शब्दों के मुलम्मे के साथ नमूदार हैं। सत्तारूढ भाजपा हो, सत्तावापसी को बेताब कांग्रेस अथवा उसके प्रमुख साथी दल, सभी ने मुफ्त की योजनाओं से परहेज नहीं किया है, अलबत्ता इसकी जरूरत समझाने की अलग शैली पकड़ी है। लक्ष्य है, मतदाता का मन और उसमें गहरे तक पैठी वह आदिम आस जगाने का, कि कुछ मुफ्त या कम खर्च में मिल जाए तो क्या बुरा। यह मानस घर के बजट को संवार सकता है लेकिन देश के अर्थशास्त्र को बिगाड़ता है। कांग्रेस ने आकर्षक लगने वाले वादे कर दिए, महंगाई और बेरोजगारी को थामने, गरीबी को दूर भगाने के साथ युवा व गरीब महिलाओं को एक लाख तक नकद देने का बात कही है। दस साल पहले भाजपा के प्रत्येक व्यक्ति के खाते में पंद्रह लाख आने के वादे से कांग्रेस थोडा दूर जरूर है। मगर गरीबों के सटीक आंकडे पर भ्रम के बीच भी कांग्रेस के एक लाख वार्षिक की बात करें तो इसका खर्च होता है करीब दो लाख करोड़ ! उधर भाजपा अपनी 'टेस्टेड और कामयाब स्कीम' 80 करोड़ से ज्यादा गरीबों को मुफ्त राशन, रियायती इलाज लेकर फिर हाजिर है। 'कवर फायर' के लिए रियायती आवास व तार्किक आधार पर मुफ्त बिजली, सस्ती गैस के सपनों के साथ राम व यूसीसी भी हैं। मुफ्त राशन पर अभी भाजपा सरकार भी हर साल खर्च कर रही है करीब दो लाख करोड रूपए ! जबकि कई अर्थशास्त्री मानते हैं कि मुफ्त के बदले काम या नकदी मिले तो बाजार में लिक्विटिडी बढती है,आम उपभोग की चीजों की मांग-खपत बढती है।



चूंकि मामला मतदाताओं की महफिल में पार्टियों की मांग बढाने का है इसीलिये देश पर कर्ज का आंकडा,बेरोजगारी दर, प्रतिव्यक्ति आय,महंगाई जैसे विषय चुनाव के बाद गौर करने वाली चीजें हैं। वैसे तो इस चुनाव में मुद्दे हैं - लोकतंत्र और भ्रष्टाचार,महंगाई व रोजगार। लेकिन बहस यह कि किसकी रेवडी तार्किक व जनकल्याणकारी है तथा किसकी रेवडी खालिस रेवड़ी है। यह सवाल बेमानी है कि क्या वाकई आर्थिक शॉक थैरेपी की दरकार है? इस धुंध में फिलवक्त कोई मैडमैन नहीं बल्कि कई सांताक्लाज दिखते हैं, जो कांधे पर मुफ्त सौगातों का बस्ता लिए घूम रहे हैं।



## मूर्ति की स्थापना व भंडारा

**भोपाल।** शिव शक्ति नगर में हरसिद्धि दुर्गा मंदिर में मूर्ति की स्थापना को लेकर महायज्ञ के समापन पर भंडारे का आयोजन किया गया

### मध्यप्रदेश भोज मुक्त विश्वविद्यालय में नव प्रवेशित विद्यार्थियों के लिए आयोजित हुआ दीक्षारंभ कार्यक्रम

# ज्ञान, मूल्य और आध्यात्मिकता की शिक्षा भी देता है विश्वविद्यालय: प्रो तिवारी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मप्र भोज मुक्त विश्वविद्यालय में नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं को विश्वविद्यालय की कार्य प्रणाली से परिचय कराने के लिए मध्य प्रदेश भोज मुक्त विश्वविद्यालय द्वारा दीक्षारंभ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मप्र के 11 क्षेत्रीय केंद्र और लगभग 600 से अधिक अध्ययन केंद्र शामिल हुए।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे मप्र भोज मुक्त विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. संजय तिवारी ने कहा कि, हमारा विश्वविद्यालय विद्यार्थियों को ज्ञान के साथ-साथ मूल्य और आध्यात्मिकता की शिक्षा भी देता है। विद्यार्थियों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 की विशेषताओं से परिचय कराया। आईटी विभाग के निदेशक डॉ. सुशील कुमार दुबे ने विद्यार्थियों को परीक्षा प्रक्रिया तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को विषय चयन प्रक्रिया को समझाया। क्रेडिट सिस्टम की चर्चा करते हुए क्रेडिट वितरण प्रणाली को समझाया और सैद्धांतिक तथा प्रायोगिक विषयों के मूल्यांकन पद्धतियों की भी प्रक्रिया से अवगत कराया। पुस्तकालय तथा मीडिया विभाग के निदेशक प्रो. किशोर जॉन ने विद्यार्थियों, केंद्राध्यक्ष एवं स्टडी सेंटर समन्वयक से आवाहन किया कि, विश्वविद्यालय के ईएमपीपीआरसी द्वारा भेजे जाने वाले ऑडियो और वीडियो कार्यक्रमों को विद्यार्थियों तक शेयर करें और उस पर अपने सुझाव भी दें।



# भोपाल समेत पश्चिम मध्य रेलवे से 142 बार चलेंगी स्पेशल ट्रेनें

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

ट्रेनों में यात्रियों को बूम आ गया है। पैर रखने की जगह नहीं मिल रही है। लोग भारी परेशान है, क्योंकि लंबी दूरी के लिए ट्रेन के अलावा कोई अच्छा साधन नहीं है। ट्रेन ही एकमात्र वह विकल्प है जिसमें कम से कम रुपये में लंबी दूरी की यात्राएं कम से कम समय में की जा सकती है। यही वजह है कि हर कोई ट्रेन की यात्रा पसंद करते हैं। रेलवे ने ऐसे यात्रियों की परेशानियों को ध्यान में रखते हुए भोपाल समेत पश्चिम मध्य रेलवे से 142 बार स्पेशल ट्रेनें चलाने का निर्णय लिया है। इसमें रानी कमलापति रेलवे स्टेशन से सहरसा व मैसूर के बीच, रीवा से मुंबई के बीच व जबलपुर से हरिद्वार और कन्याकुमारी के बीच ट्रेनें चलाई जाएंगी।

## कौन सी ट्रेन कब कहां से चलेगी



रानी कमलापति से सहरसा के बीच 20 बार स्पेशल ट्रेन चलेगी। यह 22 अप्रैल से प्रत्येक सोमवार चलेगी और सहरसा से प्रत्येक मंगलवार को लौट जाएगी। बीच में नर्मदापुरम, इटारसी, पिपरिया, गाडरवारा, नरसिंहपुर, जबलपुर, कटनी, मैहर, सतना, प्रयागराज छिवकी, मिर्ज़ापुर, पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र, हाजीपुर, बरौनी, बेगुसराय, खगड़िया एवं मानसी में स्टॉपेज लगेगी।

रानी कमलापति से मैसूर के बीच 30 बार स्पेशल ट्रेन चलेगी। यह 18 अप्रैल से प्रत्येक गुरुवार को रवाना होगी और मैसूर से वापस प्रत्येक शनिवार को चलकर रानी कमलापति रेलवे स्टेशन पहुंचेगी। यह बीच में नर्मदापुरम, इटारसी, हरदा, खंडवा, भुसावल, मनमाड, कोपरगांव, बेलापुर, अहमदनगर, दौंड जंक्शन, कुर्दुवाडी, सोलापुर, होटगी, इंडी रोड, बीजापुर, बगेवादी रोड, अलमाटी, बागलकोट, बादामी, हुबली, कराजगी, हावेरी, रानीबेन्नूर, दावणगेरे, चिकजाजुर, बिरूर, अरसीकेरे, तुमकुर, यशवंतपुर, बैंगलोर शहर, केंगेरी, रामानगरम और मांड्या स्टेशनों पर रूकेगी।

जबलपुर से हरिद्वार के बीच 32 बार स्पेशल ट्रेन चलेगी। इसकी शुरुआत 17 अप्रैल से हो रही है। यह प्रत्येक बुधवार चलेगी। इसी तरह हरिद्वार से यह ट्रेन प्रत्येक गुरुवार चलकर जबलपुर आएगी। बीच में कटनी, मैहर, सतना, चित्रकूट, बाँदा, भरुआसुमेरपुर, कानपूर सेन्ट्रल, उन्नाव, बलमु, बरेली, मुरादाबाद, नजीबाबाद एवं लक्सर में रुकेगी।

जबलपुर से कन्याकुमारी के बीच 30 बार स्पेशल ट्रेन चलेगी। यह प्रत्येक गुरुवार चलेगी और कन्याकुमारी से प्रत्येक शनिवार को लौटेगी। बीच में नैनपुर, गोंदिया, बल्लारशाह, विजयवाड़ा, चेन्नई एग्मोर, विल्लुपुरम, तिरुच्चिराप्पल्ली एवं तिरुनेवेली में स्टॉपेज लेगी।

# रेल यात्रियों की प्यास बुझाने में आगे आ रहे सामाजिक संगठन, 23 स्टेशनों पर मिल रही मदद

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

रेल यात्रियों की प्यास बुझाने में सामाजिक, धार्मिक व निजी संगठन आगे आ रहे है। इन संगठनों की सक्रियता से अब तक 23 स्टेशनों पर यात्रियों को पीने का निःशुल्क पानी मिलने लगा है। रेलवे इन संगठनों की मदद से गर्मी में जल सेवा का और विस्तार करने जा रहा है।

असल में इन संगठनों ने संबंधित स्टेशनों पर अपने प्रतिनिधियों को तैनात कर दिया है जो ट्रेनों के प्लेटफार्मों पर आते ही यात्रियों को पानी पिलाने में जुट जाते है। वे खाली बॉटल में शीतल जल भरने का काम करते हैं। जबलपुर मण्डल के 5 प्रमुख स्टेशनों पर वॉटर हट्स (प्याऊ) जिसमें जबलपुर, पिपरिया, मैहर, दमोह एवं सागर, भोपाल मंडल के खिरकिया, हरदा, नर्मदापुरम, संत हिरदाराम नगर, विदिशा, गंजबासौदा, मण्डीबामौरा, अशोक नगर एवं गुना और कोटा मंडल के रामगंजमण्डी, चौमहला, निमोदा, भवानीमण्डी, हिण्डौनसिटी, गंगापुरसिटी, भरतपुर, सुवासरा एवं बयाना रेलवे स्टेशनों पर संस्थाओं द्वारा सहयोग किया जा रहा है।



# अब बदल रहे आरोप, तलाक के लिए मानसिक रोगी, इंपोटेंट जैसे आधार!

## साथी से अलग होने पहले लगाते थे चरित्रहीनता और दहेज-घरेलू हिंसा जैसे आरोप

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

बदलती जीवनशैली का असर न्यायालयों में पहुंचने वाले तलाक और भरण-पोषण के मामलों पर पड़ा है। जहां एक ओर तलाक के प्रकरणों में तेजी से इजाफा हुआ है, वहीं इसके आधार में भी बड़ा बदलाव देखने को मिल रहा है। पहले अधिकतर मामलों में पति तलाक के लिए पत्नी को चरित्रहीन करार देते थे। वहीं पत्नियां दहेज प्रताड़ना और हिंसा तलाक को मुख्य आधार बनाती थी, लेकिन अब इसमें बदलाव हुआ है। दंपति अब तलाक के लिए एक दूसरे पर मानसिक रोगी, (नपुंसक) या अनफिट जैसे आरोप लगा रहे हैं।



### हर पांचवा केस इस तरह का

जानकारों की माने तो पहले आवेदन में तलाक के आधार के रूप में चरित्रहीनता, हिंसा, दहेज, मोबाइल का अत्यधिक इस्तेमाल जैसे कारण नजर आते थे। वहीं बीते एक साल में हर पांचवा केस इस तरह का होता है, जहां पार्टनर को मानसिक रोगी या किसी भी तरह से अनफिट साबित करने का प्रयास किया जा रहा है। अनफिट साबित करने के लिए मेडिकल जांच जरूरी हो जाती है और केस लंबा खींच जाता है।

### इस प्रकार के मामले पहुंच रहे

#### पहला मामला

हबीबगंज क्षेत्र स्थित एक दंपति की शादी को करीब सात साल हो चुके हैं। मामले में युवती ने परामर्श से मदद मांगी। युवती का कहना है कि शादी के सात साल होने पर भी वह मां नहीं बन पाई है, इसलिए पति उससे छुटकारा पाना चाहता है। वहीं पति का कहना है कि असल वजह यह है कि पत्नी का मानसिक संतुलन ठीक नहीं है। मामले में पति ने अब इसी आधार पर तलाक का आवेदन लगाया है। अब दपंति की काउंसलिंग की जा रही है।

#### दूसरा मामला

शाहपुरा क्षेत्र स्थिति दंपति की शादी को करीब 15 साल हो चुके हैं। दंपति के दो बच्चे भी है। अब पत्नी तलाक की जिद किए हुए है। पत्नी ने शादी के 15 साल बाद पति को अनफिट बताते हुए तलाक मांगा है। पत्नी का कहना है कि पति को कोविड हुआ था, उसके बाद वह लगातार तरह-तरह की दवाइयां लेते रहे। अब पति दांपत्य सुख नहीं दे पा रहे। हालांकि मामले में पति ने पत्नी के सभी आरोपों को नकारते हुए साथ रहने की बात कही है। पति का कहना है कि पत्नी अपनी सहेली के बहकावे में आई है और भारी एलुमनी पाने के लिए इस तरह के आरोप लगा रही है।

# आईआईआईटी भोपाल: सी डबल प्लस में वेक्टरीकरण के महत्व पर हुआ व्याख्यान

**भोपाल।** आईआईआईटी भोपाल के अनुसंधान भागीदार संस्थान फ्रैंकफर्ट इंस्टीट्यूट फॉर एडवांस्ड स्टडीज के डॉ. वोल्कर लिंडेनस्ट्रुथ ने सी डबल प्लस में वेक्टरीकरण के महत्व पर एक आकर्षक व्याख्यान दिया। जिसमें स्थिर घड़ी दरों से उत्पन्न चुनौतियों और कंप्यूटिंग के प्रभावी उपयोग की आवश्यकता को संबोधित किया गया। ऊर्ध्वाधर वेक्टरीकरण से लेकर स्मृति संगठन तक विविध विषयों को कवर करते हुए डॉ. लिंडेनस्ट्रुथ ने सीपीयू क्षमता को अधिकतम करने, प्रदर्शन, पोर्टेबिलिटी और उपयोग में आसानी को प्रभावित करने के लिए वेक्टरीकरण तकनीकों का उपयोग करने की अनिवार्यता पर जोर दिया। सूचना प्रौद्योगिकी विभाग से डॉ. रेखा कौशिक ने व्याख्यान की व्यावहारिक अंतर्दृष्टि की सराहना की, जबकि कंप्यूटर विज्ञान विभाग के डॉ. गगन विश्वकर्मा ने कंप्यूटर विज्ञान के विकसित परिदृश्य के लिए छात्रों को तैयार करने में इसकी प्रासंगिकता की सराहना की। इस कार्यक्रम ने तकनीकी शिक्षा में नवाचार और उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के लिए आईआईआईटी भोपाल की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया।

# यूपीएससी परीक्षाओं की तैयारी के लिए कक्षाएं 1 मई से

## प्रोफेशनल वेलफेयर हेल्प ग्रुप रजिस्ट्रेशन शुरू

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

यूपीएससी द्वारा आयोजित होने वाली नेशनल डिफेन्स एकेडमी और नेवल एकेडमी के लिए अगली प्रवेश परीक्षा 01 सितंबर 2024 को होगी। परीक्षा में किसी भी विषय में 10+2 परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले या 10+2 की परीक्षा देने वाले छात्र एवं छात्राएं पात्र हैं।

संतनगर में प्रोफेशनल वेलफेयर हेल्प ग्रुप तैयारियों के लिए कक्षाएं शुरू करने वाला है। तैयारी के 45 दिन यानी 6 सप्ताह की कोचिंग कक्षाएं आयोजित की जाएंगी। 01 मई से 15 जून 2024 तक आयोजित होने वाली कक्षाओं के लिए केवल 1500 रूपये फीस देनी होगी। सभी अनिवार्य विषयों का अध्ययन कराया जाएगा। कक्षाएं दोपहर 5 से शाम 7 बजे तक किया जाएगा। यह कक्षाएं सेवा निवृत्त कर्नल नारायण पारवाणी की देखरेख में संचालित की जाएंगी।

परीक्षा में भारतीय सेना में कॅरियर के इच्छुक युवक-युवती भाग ले सकेंगे। विद्यार्थियों को 24 अप्रैल 2024 तक अनिवार्य शुल्क का 50 प्रतिशत जमा कर रजिस्ट्रेशन कराना होगा। विद्यार्थी अथवा उनके अभिभावक अधिक जानकारी के लिए कर्नल नारायण पारवाणी (9826997701) संस्था के पदाधिकारी आसुदो लच्छवानी (9893809097) पर संपर्क किया जा सकता है, जो विद्यार्थी फीस देने में असमर्थ होंगे उनकी फीस में रियायत या माफ करने पर विचार किया जाएगा।




**मेट्रो एंकर** | श्रीफल व भगवान झूलेलाल की प्रतिमा भेंटकर किया गया

# सामाजिक संस्था सिंधु नव जागरण समिति ने डॉ सरिता का सम्मान किया

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

प्रमुख सामाजिक संस्था सिंधु नव जागरण समिति ने समाज में उल्लेखनीय सेवाओ के लिए चैतीचांद पर हर साल चिकित्सा क्षेत्र, सामाजिक क्षेत्र, साहित्य क्षेत्र के प्रमुख लोगों का सम्मान करती है। इस बार समिति ने उल्लेखनीय सेवा देने वालों में सेवासदन के प्रभारी ट्रस्टी लोकूमल जनयानी, आरोग्य केन्द्र के प्रभारी डॉ. गुलाब राय टेवानी व टैंपल ऑफ संबोधि की डॉ सरिता देवनानी का सम्मान करने का निर्णय लिया था, जिसमें जनयानी व टेवानी का सम्मान चैतीचांद समारोह किया गया था। डॉ. सरिता देवनानी का सम्मान टेम्पल ऑफ संबोधि में वेदांत संत लाल साईं की हाजरी में किया गया। डॉ देवनानी का सम्मान शाल, श्रीफल व भगवान झूलेलाल की प्रतिमा भेंटकर किया गया।



इस अवसर पर वेदांत संत लाल साईं के अलावा समिति अध्यक्ष राम पारदासानी, संरक्षक माधू चांदवानी, मुख्य सलाहाकर घनश्याम लालवानी, उपाध्यक्ष महेश खटवानी, पूज्य सिंधी पंचायत अध्यक्ष साबू रीझवानी, उपाध्यक्ष नंद दादलानी, नरेश कुमार तोलानी, दिनेश वाधवानी, बसंत चेलानी, रमेश हिमथानी, नरेन्द्र लालवानी, सुभाष जसवानी, मोहन लालवानी, हरीश केवलानी सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# चुनावी सरगर्मी बढ़ीं

# नेताओं के सघन दौरे, आयोग की सतर्क निगरानी

**भोपाल दोपहर मेट्रो।** मप्र में आज पहले चरण के लिये छह लोकसभा सीटों पर मतदान हो रहा है तो वहीं तीसरे चरण के मतदान वाली सीट पर आज नामांकन का आखिरी दिन है।जबकि चौथे चरण की सीटों के लिये नामांकन का दौर शुरू हो गया है। राजनीतिक दल मप्र के बाकी 23 लोकसभा क्षेत्रों में प्रचार में जुटे हैं। इधर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि चौथे चरण के लिये नाम निर्देशन-पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया के तहत अब तक 7 अभ्यर्थियों ने 12 नाम निर्देशन-पत्र प्रस्तुत किये। इनमें उज्जैन मंदसौर, रतलाम इंदौर शामिल हैं जबकि देवास में किसी भी अभ्यर्थी द्वारा कोई भी नाम निर्देशन-पत्र दाखिल नहीं किया गया।


अपने क्षेत्र में बीडी शर्मा

### मतदान अधिकारी की मौत पर 15 लाख

राजन ने जिला मुख्यालय मंडला में मतदान दलों की रवानगी के दौरान मतदान अधिकारी मनीराम कांवरे (सहायक अध्यापक) की असामयिक मृत्यु पर गहरा शोक व्यक्त किया है तथा भारत निर्वाचन आयोग के अनुग्रह सहायता प्रावधानों के अनुसार मृतक कांवरे की धर्मपत्नी श्यामा बाई कांवरे को 15 लाख रूपये की अनुग्रह सहायता राशि मंजूर कर है। साथ ही सहायक आयुक्त, जनजातीय कार्य विभाग, मंडला को मृतक के परिवार के आश्रित पात्र सदस्य को अनुकंपा नियुक्ति देने का प्रकरण शीघ्र तैयार करने के निर्देश दिये गये हैं।


सागर में सीएम का रोड शो

### सीएम ने नापी आधा दर्जन सीटें

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भोपाल लोकसभा में भाजपा प्रत्याशी आलोक शर्मा, सागर लोकसभा में भाजपा प्रत्याशी लता वानखेड़े, भिंड लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी संध्या राय एवं खजुराहो लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी विष्णुदत्त शर्मा की नामांकन रैली के बाद जनसभाओं को संबोधित किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने सागर, भिंड और पन्ना जिले के पवई में आयोजित रोड शो में भी सहभागिता की। पवई में आयोजित रोड शो में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद श्री विष्णुदत्त शर्मा भी मौजूद रहे। यादव ने कहा कि कांग्रेस तो पहले ही मैदान छोड़कर चुनाव से बाहर हो गई है। कांग्रेस के बड़े-बड़े नेताओं तक ने अपनी पारंपरिक सीटें बदल ली हैं। अब कांग्रेसियों को सपने भी आ रहे हैं। हर तरफ भारतीय जनता पार्टी का माहौल है। भाजपा का परिवार भी लगातार बढ़ता जा रहा है। भाजपा में आने वाले लोग दूध में शक्कर की तरह मिलते जा रहे हैं। हम तो श्रीराम और श्रीकृष्ण की संस्कृति वाले लोग हैं। इस बार छिंदवाड़ा भी भाजपा की झोली में आएगी।


बालाघाट


जबलपुर


छिंदवाड़ा


सीधी


मंडला


शहडोल

### सागर,भोपाल,शिवपुरी में कांग्रेस के नामांकन

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, पूर्व केंद्रीय मंत्री अरूण यादव, राज्यसभा सांसद विवेक तन्खा और पूर्व मंत्री जयवर्धन सिंह आज 19 अप्रैल को लोकसभा क्षेत्र सागर के कांग्रेस प्रत्याशी गुड्डू राजा बुंदेला और शिवपुरी के कांग्रेस प्रत्याशी राव यादवेन्द्र सिंह की नामांकन रैली में शामिल होने पहुंचें हैं। इसके पहले यह सभी भोपाल लोकसभा क्षेत्र के कांग्रेस के प्रत्याशी अरूण श्रीवास्तव की नामांकन रैली में शामिल हुए।सागर में लोकसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी की नामांकन रेली के बाद यह नेता शिवपुरी पहुंचेंगे, जहां कांग्रेस प्रत्याशी राव यादवेन्द्र सिंह की नामांकन रैली में शामिल होंगे।

### तीसरा चरण का आज अंतिम दिन

तीसरे व चौथे चरण के तहत जिन लोकसभा सीटों पर चुनाव होने हैं वहां नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया जारी है। तीसरे चरण की लोकसभा सीटों पर गुरुवार शाम तक 83 प्रत्याशियों ने 124 नामांकन और चौथे चरण के तहत चुनाव वाली सीटों पर 7 प्रत्याशियों ने 12 नामांकन दाखिल किए हैं। तीसरे चरण वाली सीटों पर आज शुक्रवार तक ही नामांकन दाखिल किए जा सकेंगे जबकि चौथे चरण की सीटों पर 25 अप्रैल तक नामांकन लिए जाएंगे।

## चौदह साल के बाघ पन्ना की वन विहार में मौत, हृदयघात का जताया अंदेशा

### देर रात मिली मौत की सूचना, चिकित्सकों ने किया पोस्टमार्टम जबलपुर भेजे गए सैंपल

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

वन विहार में 14 साल के बाघ पन्ना की मौत हो गई है। इसे बाड़े में रखा गया था। गर्मी से बचाव के लिए प्रबंधन ने खस के इंतजाम किए थे। बुधवार रात बाघ की तबियत बिगड़ने की सूचना प्रबंधन मिली, लेकिन इलाज से पहले ही मौत हो गई थी। इसे चार साल की उम्र में कान्हा टाइगर रिजर्व से वन विहार लाया गया था। मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया। बाघ के शव का पोस्टमार्टम कर अंगों के नमूने जबलपुर स्थित स्कूल ऑफ वाइल्ड लाइफ फोरेंसिक एन्ड हेल्थ को भेजे हैं। मौत के कारणों का जांच के बाद खुलासा हो सकता है। हृदयघात को मौत का अंदेशा जताया जा रहा है। बताया जाता है कि वन विहार में वर्तमान में 11 बाघ हैं। पन्ना की मौत के बाद इनकी संख्या दस हो गई है। करीब दस सालों तक वन विहार में इसका पालन पोषण हुआ। पर्यटकों की यह खास पसंद था। पन्ना को 28 मार्च 2014 को कान्हा टाइगर रिजर्व से लाया गया। यही पर इसका नामकरण भी हुआ। वन्यप्राणी चिकित्सक डॉ. अतुल गुप्ता, एवं वाइल्ड लाइफ एसओएस के वन्यप्राणी चिकित्सक डॉ. रजत कुलकर्णी ने शव का पोस्ट मार्टम किया। पोस्टमार्टम के दौरान आंतरिक अंगों के नमूने परीक्षण हेतु लिए गए हैं। इन्हें जांच के लिए स्कूल ऑफ वाइल्ड लाइफ फोरेंसिक एन्ड हेल्थ, जबलपुर भेजा गया है। वन विहार में वन संरक्षक भोपाल वृत्त भोपाल वन विहार के संचालक, सहायक संचालक, चिकित्सकों एवं स्टाफ की मौजदूगी में बाघ का अंतिम संस्कार किया गया।



## 'लचीले एप्लिकेशन बनाने सी प्लस में वैक्टर को समझना जरुरी'

### ट्रिपल आईटी में जर्मन के विशेषज्ञ का हुआ ऑनलाइन हुआ व्याख्यान

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

आईआईआईटी में गुरुवार को फ्रैंकफर्ट इंस्टीट्यूट फॉर एडवांस्ड स्टडीज जर्मन के डॉ. वोल्कर लिंडेनस्ट्रुथ ने सी प्लस प्लस में वेक्टर के महत्व पर व्याख्यान दिया। जिसमें स्थिर घड़ी दरों से उत्पन्न चुनौतियों और कंप्यूटिंग के प्रभावी उपयोग की आवश्यकता को संबोधित किया गया। उन्होंने बताया कि वेक्टर एक गतिशील सरणी जैसी संरचना प्रदान करते हैं जो तत्वों को कुशलतापूर्वक संग्रहीत और हेरफेर कर सकते हैं। चाहे आप शुरुआती हों या अनुभवी प्रोग्रामर, मजबूत और लचीले एप्लिकेशन बनाने के लिए सी प्लस प्लस में वैक्टर को समझना महत्वपूर्ण है। डॉ. लिंडेनस्ट्रुथ ने सीपीयू क्षमता को अधिकतम करने, प्रदर्शन, पोर्टेबिलिटी और उपयोग में आसानी को प्रभावित करने के लिए वेक्टरीकरण तकनीकों का उपयोग करने की अनिवार्यता पर जोर दिया। इस कार्यक्रम में ट्रिपल आईटी के निदेशक प्रो.आशुतोष कुमार सिंह बताया कि छात्र-छात्राओं को नई तकनीकी से छोडने् के लिए संस्थान विश्वस्तरीय विषय विशेषज्ञों को आमंत्रित कर रहा है। जो विद्यार्थियों को तकनीकी शिक्षा की उत्कृष्टता प्रदान करेगा। भविष्य में ऐसे और कई सत्र आयोजित किए जाएंगे।

## यूजी सीयूईटी यूजी की परीक्षा के लिए ऑनलाइन और ऑफलाइन ऑप्शन

### विश्व विद्यालयों में प्रवेश के लिए होता है कॉमन एंट्रेंस टेस्ट, 20 अप्रेल तक यूजीसी जारी करेगा टाइम टेबल

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

सीयूईटी यूजी परीक्षा के लिए इस बार छात्रों के पास ऑनलाइन के साथ ऑफलाइन का भी ऑफ्शन रहेगा। छात्रों को 20 अप्रैल तक यह पता चल जाएगा कि उनके परीक्षा की तारीख क्या है और उन्हें ऑनलाइन पेपर देना हैं या ऑफ लाइन।

बरकतउल्ला यूनिवर्सिटी में इस बार भी एलएलबी सहित 10 स्ट्रीम में सीयूईटी के माध्यम से ही प्रवेश दिया जाएगा। पिछले वर्ष बीयू में करीब 2 लाख आवेदन प्राप्त हुए थे। इस साल भी इनकी संख्या इसी के आसपास बताई जा रही है, वहीं केंद्रीय संस्कृत संस्थान में भी इस बार सीयूईटी के माध्यम से ही प्रवेश होंगे।



### 13 भाषाओं में होगी परीक्षा

कुल 13 भाषाओं- असमिया, बंगाली, अंग्रेजी, गुजराती, हिन्दी, कन्नड़, मलयालम, मराठी, पंजाबी, उडिड़ा, तमिल, तेलुगू और उर्दू में परीक्षा होगी। आप किस भाषा में सीयूईटी एग्जाम देना चाहते हैं, यह आपको आवेदन में स्पष्ट करना होगा।

6 टेस्ट पेपर में हो सकते हैं शामिल सीयूईटी यूजी 2024 में कुल सब्जेक्ट्स की संख्या 61 है। इनमें से 33 लैंग्वेज सब्जेक्ट, 27 डोमेन स्पेसिफिक और 1 जेनरल टेस्ट पेपर होगा। आप एक साथ ज्यादा से ज्यादा 6 टेस्ट पेपर (4 या 5 डोमेन सब्जेक्ट, 1 या 2 लैंग्वेज सब्जेक्ट) के लिए अप्लाई कर सकते हैं और एग्जाम दे सकते हैं। पिछले साल तक ये संख्या टोटल 10 थी। एनटीए ने सलाह दी है कि कैंडिडेट कम से कम एक लैंग्वेज एंड जेनरल टेस्ट पेपर जरूर चुनें।

**मेट्रो एंकर** नव प्रवेशी के लिए विश्वविद्यालय में दीक्षारंभ समारोह आयोजित

## एक साथ दो कोर्स में मिलेगा प्रवेश, भोज में मल्टी एंट्री और मल्टी एग्जिट की सुविधा

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** भोज मुक्त विश्वविद्यालय में नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं के लिए गुरुवार को दीक्षारंभ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश के 11 क्षेत्रीय केंद्र और लगभग 600 से अधिक अध्ययन केंद्र के विद्यार्थी शामिल हुए। विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. संजय तिवारी ने बताया कि ऐसे लोग जो किसी न किसी कारण अपनी पढ़ाई पूरी नहीं कर सके हैं, लेकिन अब अपनी कुशलता को बढ़ाना चाहते हैं, वह विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रम में प्रवेश ले सकते हैं। उन्होंने कहा कि एनईपी लागू होने के बाद अब आप एक साथ दो पाठ्यक्रम में प्रवेश भी ले सकते हैं। इस संबंध में कोई कानूनी बाध्यता नहीं है। भोज विश्वविद्यालय में मल्टी एंट्री और मल्टी एग्जिट की सुविधा प्रदान की गई है। विवि की अंकसूचियां डिजिलॉकर अपलोड की जा रही हैं ताकि विद्यार्थी विश्व के किसी भी कोने से अंकसूचियों का सत्यापन करा सके।




कुलसचिव डॉ.सुशील मंडेरिया ने बताया कि विश्वविद्यालय में ऑडियो और वीडियो यूट्यूब के माध्यम से विद्यार्थियों को शिक्षा दी जा रही है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आईटी विभाग के निदेशक डॉ. सुशील कुमार दुबे ने विद्यार्थियों को विषय चयन प्रक्रिया एवं क्रेडिट सिस्टम के बारे में जानकारी दी।

### भोज में शुरू हुई बीएड की संपर्क कक्षाएं

भोज विश्वविद्यालय में बीएड द्वितीय वर्ष के छात्र-छात्राओं की संपर्क कक्षाएं गुरुवार से शुरू की गईं। इन कक्षाओं में छात्र-छात्राओं को पाठ्यक्रम की जनकारी दी गई। संपर्क कक्षाओं का समय दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक रहा। भोज विश्वविद्यालय विशेष शिक्षा में बीएड कराता है, जिसमें लगभग 500 छात्र नामांकित हैं। प्रथम संपर्क कक्षाओं का आयोजन 15 फरवरी को कराया गया था। संपर्क कक्षाओं के बाद ही बीएड परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। इसके परीक्षा फार्म फरवरी में ही भरवा लिए गए थे।




## सुविचार

खुद में झांकने के लिए
जिगर चाहिए
वरना दूसरों की शिनाख्त में
तो हर शख्स माहिर है।

-अज्ञात

## संपादकीय

# एक पूर्वानुमान, कई राहतें

*तरक्की और तकनीक के दौर में भी हमारी सबसे बड़ी निर्भरता प्रकृति पर ही है और आगे भी रहेगी। इसीलिये बाकी मौसमों से ज्यादा दिलचस्पी लोगों में इस बात को जानने की रहती है कि इस वर्ष बारिश कैसी होगी। इसीलिये हाल में बेहद राहत देने वाली खबर आई है कि साल मॉनसून के दौरान देश में सामान्य से अधिक बारिश होने के आसार हैं लगातार चार साल तक सामान्य और सामान्य से ज्यादा बारिश के बाद पिछले साल तो मॉनसून औसत से कम बारिश लेकर आया था। इसीलिये ताजा अनुमान ज्यादा अहम हो गया है।*

*मौसम विभाग का यह पूर्वानुमान इस मायने में भी ध्यान खींचता है कि पिछले दस वर्षों में यह पहला मौका है, जब उसने पहले ही चरण में सामान्य से ज्यादा बारिश की बात कह दी। आम तौर पर पहले चरण की भविष्यवाणी में ज्यादा सतर्कता बरतने का चलन है। इसकी वजह शायद यह है कि पिछले साल के अल नीनो इफेक्ट के बाद इस साल ला नीना की स्थिति अच्छी बारिश की ठोस संभावना बना रही है। मौसम के बदलते मिजाज के चलते आजकल सामान्य या अच्छी बारिश की भविष्यवाणी भी आशंकाओं को पूरी तरह समाप्त नहीं करती क्योंकि यह पता नहीं होता कि पूरे देश में बारिश का अच्छा औसत आखिरकार एक इलाके में सूखे और दूसरे में अतिवृष्टि के हालात तो नहीं पैदा करेगा। गनीमत है कि इस बार पूर्वोत्तर के कुछ राज्यों को छोड़ दिया जाए तो बाकी पूरे देश में अच्छी बारिश के आसार बताए जा रहे हैं।*

*गौरतलब है कि देश में 70 फीसदी बारिश मॉनसून के दौरान ही होती है। आज भी देश की कुल खेती का 51 फीसदी हिस्सा मॉनसून पर ही निर्भर है। उपज के लिहाज से यह करीब 40 फीसदी बैठता है। जाहिर है, अच्छा मॉनसून अपने देश में आज भी अच्छी फसल का दूसरा नाम हो जाता है। इसकी वजह से न केवल धान, मक्का, गन्ना, कपास और जूट जैसी खरीफ की फसलों में अच्छे उत्पादन की उम्मीद बनी है बल्कि जमीन में नमी और आसपास पानी की उपलब्धता की बदौलत रबी की गेहूं, चना, सरसों जैसी फसलों को भी मदद मिल सकती है। यह स्थिति आगामी महीनों में महंगाई के मोर्चे पर हालात को काबू में रख सकती है। ताजा आंकड़ों के मुताबिक खुदरा महंगाई दर मार्च महीने में 4.85 फीसदी रही। यह रिजर्व बैंक द्वारा तय 2-6 फीसदी की सीमा के अंदर जरूर है लेकिन इसे 4 फीसदी तक लाने के उसके घोषित लक्ष्य से अभी भी दूर है। फूड इन्फ्लेशन भी 8.52 फीसदी पर है। इकॉनमी कुल मिलाकर भले अपनी रफ्तार बनाए हुए भले ही है लेकिन ग्रामीण सेक्टर में कमजोर खपत नीति निर्माताओं की चिंता का कारण है। इसीलिये जब सामान्य से अधिक बारिश होती है तो इसकी बदौलत अच्छी फसल ग्रामीण क्षेत्रों में मांग को मजबूती दे सकती है, जिससे न केवल फैक्ट्रियों के कामकाज में तेजी आएगी बल्कि रोजगार के मोर्चे पर भी राहत मिल सकती है। क्योंकि सबसे बडी बात है लोगों के जेब में पैसे की। यदि पैसा होता है तो बाजार भी गुलजार हो जाते हैं और खरीद व मांग भी तेजी से बढती है। नतीजा यह होता है कि बाजार से लेकर उत्पादक तक पैसे पहुंचने की चेन बनती है जो रोजगार के मौके पैदा करते हुए बढती है। इसीलिये जोरदार मानसून की भविष्यवाणी जोरदार उम्मीदें पैदा कर रही है।*

## आज का इतिहास

- 1611-विख्यात उपन्यासकार विलियम शैक्सपियर के नाटक' 'मैकबेथ' 'का पहला ज्ञात मंचन हुआ।
- 1712-जहांदार शाह दिल्ली की गद्दी पर बैठा. इस मुगल सम्राट ने 1713 तक शासन किया। वह बहादुरशाह का बड़ा पुत्र था।
- 1876-भारतीय थल सेना के 41वें डोगरा में लांस नाईक लाला राम का जन्म।
- 1889-जर्मन तानाशाह अडोल्फ हिटलर का जन्म।
- 1914-उड़िया भाषा के प्रसिद्ध साहित्यकार गोपीनाथ मोहंती का जन्म।
- 1920-प्रसिद्ध भजन गायिका जुथिका रॉय का जन्म।
- 1936-प्रसिद्ध भारतीय अंतरिक्ष वैज्ञानिक प्रेम शंकर गोयल का जन्म।
- 1939-जर्मनी में तानाशाह एडोल्फ हिटलर के पचासवें जन्मदिन को राष्ट्रीय दिवस के रूप में मनाया गया।
- 1946-संयुक्त राष्ट्र की पूर्ववर्ती संस्था लीग ऑफ नेशन्स भंग की गई।
- 1953-कोरिया और संयुक्त राष्ट्र सेना के बीच बीमार युद्ध बंदियों का आदान प्रदान हुआ।
- 1960-एयर इंडिया ने लंदन की अपनी पहली बोइंग 707 उड़ान के साथ जेट युग में प्रवेश किया।
- 1970-भारतीय गीतकार और शायर शकील बदायूँनी का निधन।
- 1972-अपोलो 16 अभियान छह घंटों तक संकट से जूझने के बाद चंद्रमा पर उतर गया। जॉन यंग और चार्ल्स ड्यूक की टीम चांद पर उतरने वाली इतिहास की पांचवीं टीम बनी।
- 1974-सत्तर के दशक में आंतरिक हिंसा से बुरी तरह प्रभावित उत्तरी आयरलैंड के संघर्ष में मरने वालों की संख्या 1000 पहुंची।
- 1997-इंद्र कुमार गुजराल देश के 12वें प्रधानमंत्री बने।
- 1999-जर्मन के पूर्व चांसलर हेल्मुट कोल अमेरिकी सर्वोच्च नागरिक सम्मान'द प्रेसिडेंशियल मेडल आफ़ फ़्रीडम'से सम्मानित।
- 2004-राजस्थान के लोक गीतों एवं कथाओं आदि के संकलन एवं शोध हेतु समर्पित कोमल कोठारी का निधन।
- 2006-भारत ने अपना पहला विदेशी सैन्य अड्डा ताजिकिस्तान में स्थापित करने की घोषणा की।
- 2008-महाराष्ट्र भाजपा के नेता व राष्ट्रीय महासचिव गोपीनाथ मुण्डे ने अपने पद से इस्तीफ़ा दिया।
- 2008-अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर नौ दिन बिताने के बाद पहला दक्षिण कोरियाई अंतरिक्ष यात्री यीसोयओन पृथ्वी पर सकुशल लौटे।

## निशाना

### है बड़ा अभियान !



– कृष्णोन्द्र राय

धीरे-धीरे सही दिशा में ।
हो रहा प्रहार ।।
नक्सलियों पर कहर को ।
मिल रही है धार ।।
है बड़ा अभियान ।
खोजबीन जारी ।।
नए सिरे से लगता ।
है अलग तैयारी ।।
कमर तोड़नी है आखिर ।
उसी तरफ है ध्यान ।।
मिल जाए छुटकारा जब ।
कार्य फिर महान ।।
है आया फरमान ।
ना देना अब ढ़ील ।।
हौसले बुलंद हैं ।
गयीं हैं बांछे खिल ।।

# शाब्दिक ईमानदारी से ही सार्थक होगा लोकतंत्र

■ विश्वनाथ सचदेव

चुनाव प्रचार का पहला चरण समाप्ति पर है। मतदाता तक पहुंचने, उसे लुभाने का हरसंभव प्रयास हो रहा है। चुनाव में ऐसा ही होता है। कभी न पूरे होने वाले वादे और सच्चाई से कोसों दूर के दावे इस प्रचार का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। सत्तारूढ़ दल समेत कोई भी दल प्रचार की इस मुहिम में पीछे नहीं रहना चाहता। सच तो यह है कि एक होड़-सी मची हुई है राजनीतिक दलों में। हर दल अपनी कमीज को दूसरे की कमीज से उजला बता रहा है। ऐसा नहीं है कि मतदाता राजनेताओं के इस दांव को समझ नहीं रहा। बरसों-बरस का अनुभव है उसके पास इस प्रचार-तंत्र की करतूतों का। राजनीतिक दल भी मतदाता की इस जानकारी से अनभिज्ञ नहीं हैं। इसके बावजूद वे बरगलाने की अपनी कोशिशों से बाज नहीं आते। इसका कारण शायद यही है कि मतदाताओं की एक बड़ी संख्या आखिरी समय पर निर्णय लेती है। वे मुंडेर पर बैठे हैं। आखिरी समय पर बाएं भी उतर सकते हैं, दाएं भी। प्रचार-कार्य में लगे राजनेताओं की नज़र मुख्यतः इन्हीं मतदाताओं पर होती है।इसी से जुड़ी एक बात यह भी है कि कभी-कभी मतदाता मिथ्या दावों और झूठे वादों की चपेट में आ भी जाता है। जनतंत्र की सफलता और सार्थकता का एक मापदंड यह भी है कि कितने मतदाता ऐसे हैं जो प्रचार की इस आंधी में स्वयं को उड़ने से बचाये रख पाते हैं। इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि इस देश के मतदाता ने अक्सर अपने विवेक का परिचय दिया है, राजनेताओं के प्रचार का शिकार बनने से इनकार किया है। आपातकाल के बाद इंदिरा गांधी की सरकार का तख्ता जिस तरह से पलटा, या फिर अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार का 'इंडिया शाइनिंग' वाला नारा जिस तरह मतदाता पर कोई प्रभाव नहीं छोड़ पाया वह इस बात का प्रमाण है कि मतदाता को हमेशा नहीं बरगलाया जा सकता।

चुनाव के समय राजनीतिक दल अपने-अपने घोषणापत्र जारी करते हैं। भाजपा और कांग्रेस, दोनों बड़े दलों के वादों-दावों वाले घोषणापत्र जारी किये जा चुके हैं। कांग्रेस ने अपने घोषणापत्र को 'न्याय-पत्र' कहा है और भाजपा ने अपने घोषणा पत्र को 'संकल्प-पत्र' कहते हुए 'मोदी की गारंटियों' की बात कही है। होना तो यह चाहिए कि इस तरह के घोषणा पत्र आखिरी समय में नहीं, चुनाव से काफी पहले जारी होते, ताकि मतदाता उन पर विचार करके राजनेताओं से हिसाब मांग सके। सत्तारूढ़ दल से पूछ सके कि पिछले घोषणापत्रों की कितनी बातों को पूरा किया गया और सत्ता के आकांक्षी दल से उसके वादों के पूरा होने के आधार के बारे में जवाब-तलब कर सके। पर, दुर्भाग्य से, ऐसा कुछ होता नहीं। घोषणा पत्र जारी ज़रूर होते हैं, पर उपेक्षित पड़े रहते हैं। चुनाव-प्रचार का सारा ज़ोर अपने विरोधी पर आरोप लगाने पर ही होता है। आरोपों के इस शोर में वे बुनियादी बातें कहीं खो-सी जाती हैं, जो मतदाता के निर्णय का आधार होनी चाहिए।




उदाहरण के लिए सत्तारूढ़ दल के घोषणा पत्र में आने वाले 25 सालों के बाद के 'विकसित भारत' की बात तो कही गई है, पर गरीबी, बेरोज़गारी, महंगाई जैसे हमारे आज को प्रभावित करने वाले मुद्दे कुल मिलाकर कहीं गायब ही हैं। प्रधानमंत्री मोदी यह 'गारंटी' तो देते हैं कि 2047 का भारत विकासशील नहीं विकसित देश होगा, पर यह नहीं बताते कि आज के युवा की बेरोज़गारी की समस्या कैसे हल होगी। मतदाता महंगाई की मार से कैसे उबरे? भाजपा के घोषणा पत्र में आने वाले पांच साल तक 80 करोड़ भारतीयों को मुफ्त अनाज देने का वादा तो किया गया है, पर यह नहीं बताया गया कि उन कारणों से कैसे निपटा जायेगा जो 80 करोड़ भारतीयों को मुफ्त अनाज मांगने की स्थिति में लाने के लिए उत्तरदायी हैं? देश में कोई भूखा न रहे, यह बात आश्वस्त करने वाली है, पर भुखमरी की यह स्थिति आयी कैसे, इस सवाल का जवाब भी मिलना चाहिए। जवाब उन सवालों का भी पूछा जाना चाहिए जो पिछले घोषणा पत्रों में कही गयी बातों के पूरा न होने से उठते हैं।जिस तरह के सवाल सत्तारूढ़ दलों से पूछे जाने चाहिए वैसे ही सवाल सत्ता के आकांक्षियों के लिए भी हैं। उन्हें भी यह बताना होगा कि उनके वादे क्यों स्वीकारे जाएं अथवा उनके दावों पर क्यों विश्वास किया जाये। घोषणा पत्र काग़ज के टुकड़े नहीं होते, उनकी पवित्रता की रक्षा होनी चाहिए, और यह उनका दायित्व बनता है जो वादे करते हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस के घोषणा पत्र के संदर्भ में कहा है कि कांग्रेस के नेताओं में शब्द के प्रति प्रतिबद्धता नहीं है, कोई ज़िम्मेदारी भी नहीं है। सच तो यह है कि चुनावी घोषणा पत्रों में जो कुछ कहा जाता है और चुनावी सभा में जो कुछ घोषणाएं की जाती हैं, वे कुल मिलाकर शब्दजाल ही बनी रह जाती हैं। हमारे नेता, चाहे वे किसी भी दल के क्यों न हों, नारों के बल पर चुनाव जीतना चाहते हैं। वह भूल जाते हैं कि 'गरीबी हटाओ' का नारा अंततः सिर्फ नारा बनकर रह गया था और इसी तरह 'शाइनिंग इंडिया' की कथित चमक भी मतदाता को लुभा नहीं पायी थी। मतदाता शब्दों में विश्वास करना चाहता है, नेताओं के शब्दों में भी यह विश्वास झलकना चाहिए। ईमानदार राजनीति तभी आकार ले सकती है।जहां तक घोषणा पत्रों में विश्वास का सवाल है, अक्सर इन चुनावी घोषणा पत्रों में लोक लुभावनकारी दावों और वादों की भरमार होती है। जो मुद्दे इनमें उठाये जाते हैं अक्सर वे हकीकत बयान नहीं करते। सेंटर फॉर स्टडीज ऑफ डेवलपिंग सोसायटी (सीएसडीएस) के एक हालिया सर्वेक्षण में बेरोजगारी और महंगाई को मुख्य मुद्दा माना गया है, जबकि हमारी राजनीति में आज भी हिंदुत्व मुख्य मुद्दा बताया जा रहा है। सत्तारूढ़ पक्ष के नेता अपनी चुनावी सभाओं में इस बात को लगातार दुहरा रहे हैं कि कांग्रेस के नेताओं ने राम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा समारोह का बहिष्कार किया था!

यह बात यहीं खत्म नहीं होती। राजनीतिक दलों द्वारा चुनाव के अवसर पर जारी किये गये घोषणा पत्र उनकी विचारधारा और वचनबद्धता का वचन पत्र होते हैं। यदि किसी घोषणा पत्र में कहा गया था कि किसानों की आय दुगनी की जायेगी, हर साल दो करोड़ नौकरियां दी जायेंगी तो मतदाता को यह पूछना होगा कि इस वादे का क्या हुआ? अथवा काला धन स्विस बैंकों से लौटा क्यों नहीं? जब कोई राजनेता इन दावों और वादों को 'चुनावी जुमला' कहकर बच निकलना चाहता है तो मतदाता के मन में यह सवाल उठना ही चाहिए कि शब्द की पवित्रता कहां गयी? यह विडंबना ही है कि ऐसा कहने के बावजूद संबंधित राजनेता से यह क्यों नहीं पूछा जाता कि मतदाता के साथ ऐसा मजाक क्यों?अपने हालिया इंटरव्यू में प्रधानमंत्री ने शब्दों के सम्मान की बात कही है। सही कहा है उन्होंने। शब्द पवित्र होते हैं, हमारी नीयत को उजागर करते हैं। राजनेता यदि शब्दों का अपमान करते हैं तो उन्हें कठघरे में खड़ा करना होगा। तभी जनतंत्र की सार्थकता प्रमाणित होगी।

**-साभार**

# मुद्दा हो गरीबों पर गर्मी की मार, इस पर चर्चा बेहद जरूरी

■ पत्रलेखा चटर्जी

जैसे-जैसे दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में चुनाव नजदीक आ रहे हैं, सियासी तापमान बढ़ रहा है, साथ ही भारत के एक बड़े हिस्से को प्रचंड गर्मी भी अपनी चपेट में ले रही है। लेकिन हैरानी की बात है कि राजनेताओं द्वारा जिन मुद्दों पर बहस हो रही है, उनमें जलवायु परिवर्तन का जिक्र नहीं है। यह शर्मनाक है।जलवायु परिवर्तन के कारण भीषण गर्मी के साथ अनियमित एवं चरम मौसमी घटनाएं देश के हर हिस्से और क्षेत्र को प्रभावित कर रही हैं प्रचंड गर्मी सभी वर्गों के लोगों, खासकर महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों के स्वास्थ्य और खुशहाली को प्रभावित करती है। सक्षम कामकाजी वयस्क-किसान, निर्माण श्रमिक, मोची, रेहड़ी-पटरी वाले, डिलीवरी बॉय भी प्रभावित होते हैं और इसका अर्थव्यवस्था, कृषि, भोजन, पोषण आदि पर व्यापक प्रभाव पड़ता है। हालांकि हरेक राजनीतिक दल चुनावी मौसम में गरीबों की बात करता है, लेकिन कितने राजनेता सार्वजनिक रूप से मानते हैं कि गर्मी बेशक हर किसी को प्रभावित करती है, लेकिन यह सबको समान रूप से प्रभावित नहीं करती है। देश के लाखों गरीब, जो हमारी अनौपचारिक अर्थव्यवस्था का हिस्सा हैं, वातानुकूलित घरों या पर्याप्त हरियाली वाले हरे-भरे इलाकों में नहीं रहते हैं। वे घरों के अंदर नहीं रह सकते, जैसा कि गर्मी बढ़ने पर सलाह दी जाती है या बर्फ वाला शीतल पानी नहीं पी सकते या लंबे समय तक छाया में नहीं रह सकते। वे घरों से बाहर काम करते हैं। गहरी असमानताओं वाले देश में अत्यधिक गर्मी का लोगों पर अलग-अलग प्रभाव पड़ता है। लेकिन जिन्हें चिलचिलाती गर्मी में बाहर रहकर काम करना पड़ता है, उन गरीबों के लिए क्या किया जाएगा, इस पर राजनेताओं के बीच कोई चर्चा नहीं हो रही है।

पिछले दिनों, क्लाइमेट कैंपेनर अविनाश चंचल ने एक्स (पहले ट्विटर) पर कुछ कटु सच्चाइयों को उजागर किया। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2020 में गर्मी के कारण 530 मौतें हुई, वर्ष 2021 में 374 मौतें हुई और वर्ष 2022 में 730 मौतें हुई। जैसा कि चंचल ने आगे बताया, फिर भी, लू राष्ट्रीय आपदा नहीं है। हालांकि हमारे देश में हीट ऐक्शन प्लान हैं, लेकिन इससे जुड़ी सेवाओं के लिए केंद्र सरकार की ओर से कोई विशेष फंड नहीं है। माना जाता है कि देश में लू के कारण मरने वालों की संख्या इससे बहुत ज्यादा हो सकती है, क्योंकि बहुत-सी ऐसी मौतों की सूचना विभिन्न कारणवश दर्ज नहीं हो पाती है। एनसीआरबी ने 'प्राकृतिक कारणों से दुर्घटनाएं' शीर्षक के तहत 8,060 मौतों की सूचना प्रकाशित की है, जिनमें से 35.8 फीसदी मौतें आकाशीय बिजली गिरने से, 9.1 फीसदी मौतें लू या भीषण गर्मी से और 8.9 फीसदी मौतें ठंड के कारण बताई गई हैं। क्या ये दुर्घटनाओं के कारण होने वाली आकस्मिक मौतें हैं या ये टाली जा सकने वाली मौतें हैं? क्या इन लोगों को बचाया जा सकता था? अत्यधिक गर्मी या लू से होने वाली मौतें महज आंकड़ा नहीं हैं। वे वास्तविक लोग थे, जिनका परिवार था। यही नहीं, गर्मी से संबंधित मौतें पूरी कहानी नहीं बतातीं, क्योंकि अत्यधिक गर्मी अन्य स्वास्थ्य समस्याओं को जटिल बना देती है, भले ही उससे मौत न हो।



स्थिति की गंभीरता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि इस साल भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने एक अप्रैल को ही चेतावनी जारी कर दी थी। आईएमडी द्वारा जारी चेतावनी से इस बार गर्मी में बढ़ते तापमान का पता चलता है, जिससे कई इलाकों में घातक लू की स्थिति भी है। हाल ही में आईएमडी ने हीट इंडेक्स लॉन्च किया है, जो उच्च तापमान पर आर्द्रता के प्रभाव के बारे में सूचना देता है और इस तरह से मनुष्यों को ऐसे तापमान का अहसास कराता है, जिसे मानव के लिए असुविधा के संकेत के रूप में देखा जाता है। यह असुविधा कम करने के लिए अतिरिक्त देखभाल की जरूरत को रेखांकित है। लेकिन यह समझना भी महत्वपूर्ण है कि एक ही शहर के भीतर सभी क्षेत्रों में समान रूप से गर्मी महसूस नहीं होती है। जिन इलाकों में बहुत से पेड़ और हरियाली होती है, वहां का वातावरण ठंडा महसूस होता है, बनिस्पत उन इलाकों के, जहां पेड़ कम होते हैं और इमारतें ज्यादा होती हैं। कई तरह की स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहे बुजुर्ग और छोटे बच्चों के सीधे धूप में न जाने के बावजूद गर्मी बढ़ने पर बीमार पड़ने की आशंका ज्यादा होती है। यदि घरों में वेंटिलेशन नहीं है, घर की संरचना कमजोर है और स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता ठीक नहीं है, तो घरों के अंदर रहना भी हमेशा सुरक्षित नहीं होता है। जिन लोगों को लू लग जाती है, उनके लिए यह जानना जरूरी है कि कौन-सी चीज उन्हें असुरक्षित बनाती है और क्या होता है, जब गर्मी की प्रतिक्रिया में शरीर को ठंडा रखने के लिए हृदय ज्यादा से ज्यादा पंप करने लगता है। लू लगने पर लोगों को पसीना आने लगता है और शरीर में तेजी से पानी की कमी होने लगती है और ऐसी स्थिति में हृदय, फेफड़ा और किडनी (गुर्दे) खराब होने लग सकते हैं।

ऐसे में, सोचिए कि उन लोगों के साथ क्या होता होगा, जो वैसी जगहों पर रहते हैं, जहां लंबे समय तक बिजली नहीं रहती, जिनके पास बैकअप इनवर्टर नहीं होता और जो एयरकंडीशनर का खर्च वहन नहीं कर सकते। आर्द्रता वाले इलाकों में एयर कूलर भी काम नहीं करता। भले ही किसी क्षेत्र में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से कम हो, लेकिन स्वास्थ्य के लिए खतरा वहां की आर्द्रता पर निर्भर करेगा। उच्च आर्द्रता पसीने को निकलने नहीं देती और शरीर को ठंडा होने से रोकती है। इससे कम आर्द्रता वाले स्थानों की तुलना में लू का खतरा ज्यादा हो सकता है। कई भारतीय शहरों और राज्यों के पास हीट ऐक्शन प्लान हैं। सबसे पहले 2013 में अहमदाबाद नगर निगम और उसके साझेदारों ने वर्ष 2010 की विनाशकारी गर्मी के बाद इसकी पहल की थी, जिसमें 1,344 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई थी। तबसे कई भारतीय शहरों ने अपना हीट ऐक्शन प्लान तैयार किया है, जो एक प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली के रूप में कार्य करता है। लेकिन अत्यधिक लू का सामना करने के लिए गरीबों को जरूरत पड़ने पर समर्थन एवं चिकित्सा देखभाल की आवश्यकता है, सिर्फ चेतावनी प्रणाली से काम नहीं चलने वाला है।

**साभार :** यह लेखक के अपने विचार हैं।

# रैली के माध्यम से दिया मतदाता जागरूकता का संदेश

**मतदान करने की की जा रही है अपील**




**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो।**

नगर पालिका द्वारा शासकीय कुसुम महाविद्यालय, खेल विभाग के समन्वय से मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया जिसमे जिला निर्वाचन अधिकारी सोनिया मीना एवं जिला स्वीप नोडल अधिकारी सीईओ जिला पंचायत सोजन सिंह रावत व एसडीएम रिटर्निंग अधिकारी सरोज़ परिहार के निर्देश अनुसार लोकसभा निर्वाचन के अंतर्गत स्वीप गतिविधि संचालित कराई जा रही है और स्वीप गतिविधि कैलेंडर अनुसार मतदाता जागरूकता रैली शासकीय कुसुम महाविद्यालय से बानापुरा बस स्टैंड तक निकाली गई। जिसमे सभी नागरिकों को बैनर,पंपलेट के माध्यम से सारे काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो के नारे एवं मतदाता जागरूकता का संदेश दिया गया और सभी नागरिकों को 26 अप्रैल को मतदान करने के लिए अपील की गई ताकि 100 प्रतिशत मतदान में सभी की भागीदारी हो सके रैली में कुसुम महाविद्यालय प्राचार्य डॉ आरके रघुवंशी, प्राध्यापक डॉ एस के यादव,स्वच्छता निरीक्षक डॉ प्रशांत कुमार शर्मा,खेल समन्वयक नारायण बावरिया, बीएलओ हेमंत चौकसे,स्वीप नोडल अधिकारी सचिन मलैया,मुकेश कुमार गोगिया,अनूप पवार,सैयद मुसाहिद अली,अभिनव पुरोहित, सुजल वर्मा,रवि हरदुआ,भागवत गुर्जाकर,द्वारका प्रसाद कामले के साथ साथ कॉलेज के छात्र उपस्थित रहे।

## स्वीप गतिविधि के अंतर्गत नगर परिषद माखननगर द्वारा निकाली गई रैली




**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।**

लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत मतदाता जागरूकता अभियान के तहत 18 अप्रैल गुरुवार को नर्मदापुरम जिले के नगर परिषद माखननगर द्वारा नगर परिषद कार्यालय से मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। रैली नगर परिषद से शुरू हुई जो मंगलवारा बाजार, इंदोरी चौराहा, मेन रोड होते हुए निकली गई। मतदाता जागरूकता रैली में मतदाताओं को पंपलेट, जनजागरूक स्लोगन एवं लोगों को नारों के माध्यम से मतदान दिवस 26 अप्रैल को शत प्रतिशत मतदान करने के लिए प्रेरित किया। मतदाता जागरूकता रैली नगर परिषद के अधिकारी एवं कर्मचारियों सहित नागरिक उपस्थित थे।

### भारत निर्वाचन आयोग ने मीडिया कवरेज के लिए जारी किये दिशा-निर्देश

# मतदान समाप्ति से दो दिनों तक संचार माध्यमों से चुनावी प्रदर्शन प्रतिबंधित रहेगा

**प्रावधानों के उल्लंघन पर हो सकती है 2 साल तक की कैद, जुर्माना या दोनों**

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।**

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन-2024 के लिये मीडिया कवरेज के परिप्रेक्ष्य में विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किये गये हैं। आयोग ने कहा है कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 126(1)(बी) के अनुसार टेलीविजन, सिनेमैटोग्राफ या इसी तरह के अन्य संचार माध्यमों से किसी भी चुनावी मामले (विज्ञापन या प्रचार आदि) का प्रदर्शन करने पर प्रतिबंध रहेगा। यह प्रतिबंध किसी भी मतदान क्षेत्र में मतदान समाप्ति के 48 घंटे पहले तक की अवधि के लिए प्रभावी रहेगा। आयोग ने स्पष्ट किया है कि कोई भी व्यक्ति सिनेमैटोग्राफ, टेलीविजन या अन्य समान उपकरण के माध्यम से किसी भी चुनावी मामले को जनता के समक्ष प्रदर्शित नहीं करेगा। इन प्रावधानों का उल्लंघन करने पर दोषी व्यक्ति को दो साल तक की कैद या जुर्माना या दोनों से दंडित किया जा सकता है। आयोग के अनुसार चुनाव के परिणाम को प्रभावित करने या ऐसे इरादे या गणना करने जैसा कोई भी प्रयास चुनावी मामला माना जायेगा।

टीवी चैनलों में पैनल चर्चा/बहस और अन्य समाचार और समसामयिक कार्यक्रमों के प्रसारण में लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 126 के प्रावधानों के उल्लंघन के आरोप लगते हैं। इस संबंध में आयोग ने स्पष्ट किया है कि टीवी/रेडियो चैनलों और केबल नेटवर्क को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि धारा 126 में उल्लेखित 48 घंटों की अवधि के दौरान उनके द्वारा प्रसारित/प्रदर्शित कार्यक्रमों के कंटेंट में दृश्य सहित ऐसी कोई भी सामग्री शामिल नहीं है। पैनलिस्टों/प्रतिभागियों द्वारा अपील करने पर उन्हें किसी पार्टी विशेष या उम्मीदवार की संभावना को बढ़ावा देने या चुनाव के परिणाम को प्रभावित करने के रूप में माना जा सकता है। इसमें जनमत सर्वेक्षण और मानक बहस,





विश्लेषण, दृश्य और ध्वनि-बाइट्स का प्रदर्शन शामिल होगा। इसमें टीवी, केबल नेटवर्क, रेडियो, सिनेमा हॉल में किसी भी चुनावी मामले पर राजनीतिक विज्ञापन, किसी भी मतदान में थोक एसएमएस/वॉयस संदेशों, ऑडियो विजुअल डिस्प्ले का उपयोग आदि भी शामिल है।आयोग द्वारा स्पष्ट किया गया है कि इलेक्ट्रॉनिक मीडिया पर राजनीतिक विज्ञापनों के लिये आयोग के पूर्व आदेशानुसार राज्य/जिला स्तर पर गठित समितियों द्वारा पूर्व-प्रमाणन की आवश्यकता होगी। इस संदर्भ में आयोग द्वारा इलेक्ट्रॉनिक मीडिया का एनबीएसए द्वारा 3 मार्च, 2014 को जारी ÷चुनावी प्रसारण के लिए दिशा-निर्देश÷ की ओर विशेष रूप से ध्यान आकर्षित किया गया है। इंटरनेट एंड मोबाइल एसोसिएशन ऑफ इंडिया ने आम चुनावों के दौरान चुनावी प्रक्रिया की अखंडता बनाए रखने के लिए अपने प्लेटफार्मों के स्वतंत्र, निष्पक्ष और नैतिक उपयोग को सुनिश्चित करने के लिए सभी भाग लेने वाले सोशल मीडिया प्लेटफार्मों के लिए एक ÷स्वैच्छिक आचार संहिता÷ भी विकसित की है। सभी चुनावों के दौरान इस ÷स्वैच्छिक आचार संहिता÷ का पालन किया जाना चाहिए। यह संहिता वर्तमान लोकसभा चुनावों में भी लागू है। इस संबंध में आयोग द्वारा सभी संबंधित सोशल मीडिया प्लेटफार्मों का 20 मार्च, 2019 की 'स्वैच्छिक आचार संहिता' की ओर ध्यान आकर्षित किया गया है।

आयोग द्वारा यह भी स्पष्ट किया गया है कि कोई भी राजनीतिक दल या उम्मीदवार या कोई अन्य संगठन या व्यक्ति मतदान के दिन और मतदान के दिन से एक दिन पहले प्रिंट मीडिया में कोई विज्ञापन प्रकाशित नहीं करेगा, बशर्ते कि राजनीतिक विज्ञापनों की सामग्री पूर्व-प्रमाणित हो। उनके द्वारा राज्य/जिला स्तर पर एमसीएमसी समिति से अनुमोदन लेना होगा। आवेदकों को ऐसे विज्ञापनों के प्रकाशन की प्रस्तावित तिथि से दो दिन पहले राज्य/जिला स्तरीय एमसीएमसी कमेटी को आवेदन करना होगा।

आयोग द्वारा यह भी कहा गया है कि पाठकों को गुमराह करने के लिए समाचार सुर्खियों के रूप में राजनीतिक विज्ञापन विशेष रूप से समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं किए जाएंगे। किसी पार्टी विशेष की जीत की भविष्यवाणी करने वाले विज्ञापनों पर स्पष्ट प्रतिबंध रहेगा और चुनाव परिणामों से संबंधित किसी भी प्रकार की अटकलों से संबंधित मैटर से भी बचना चाहिए। प्रेस काउंसिल के पत्रकारों का आचरण के मानदंडों के भाग (ए) पैरा 2 पर भी विशेष ध्यान आकर्षित किया गया है। इसमें यह कहा गया है कि एक संपादक समाचार पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों सहित अन्य सभी मामलों के लिए जिम्मेदार होगा।

# कलेक्टर मीना ने गेहूं एवं चना उपार्जन कार्यों की बैठक ली



**नर्मदापुरम/सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो।**

कलेक्टर सोनिया मीना ने गुरुवार को गेहूं एवं चना उपार्जन की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले में उपार्जन का कार्य सुचारू एवं व्यवस्थित तरीके से किया जाए। सभी गेहूं उपार्जन केंद्र पर किसानों के लिए पेयजल एवं छाया की व्यवस्था रहे। जिन उपार्जन केंद्रों पर किसानों की स्लॉट बुकिंग वर्तमान में चालू नहीं है ऐसे सभी उपार्जन केंद्र पर कृषकों से संपर्क किया जाये। उन्होंने भुगतान एवं परिवहन की स्थिति की भी समीक्षा की और कहां की गेहूं उपार्जन का भुगतान पेंडिंग ना रहे किसानों के खातों में प्राथमिकता से जमा हो जाए। परिवहन व्यवस्था सुचारू रखने के लिए नागरिक आपूर्ति निगम और उपायुक्त सहकारी संस्थाएँ को समन्वय हेतु कंट्रोल रूम बनाने के निर्देश दिये।

कलेक्टर ने निर्देश दिए की जिन समितियां में गेहूं परिवहन किया जा रहा है और वहां पर यदि हम्मालों की कमी है तो अन्य समितियां से हम्मालों की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। डीआरसीएस ने बताया कि अब तक किसानों से 151 करोड़ रुपए राशि मूल्य का गेहूं उपार्जन किया गया है, समस्त कृषकों के श्वक्क जारी हो चुके है और अब तक 50 करोड़ रुपए का भुगतान किसानों के खातों में सफलतापूर्वक किया गया है।

गेहूं परिवहन की जानकारी देते हुए बताया गया कि अब तक 62 हजार 967 मेट्रिक टन में से 52 हजार 757 मीट्रिक टन गेहूं का परिवहन किया गया है। कलेक्टर द्वारा उपार्जन कार्य में गति लाने हेतु जिला एवं खंड स्तरीय उपार्जन समितियों को निर्देशित किया गया।

# गेहूं रिजेक्ट होने पर समितियों को कारण बताओ नोटिस जारी

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।**

जिले में विभिन्न फसलों का उपार्जन कार्य किया जा रहा है। उपायुक्त सहकारिता ने उक्त जानकारी देते हुए बताया है कि जिले में गेहूं, चना मसूर, सरसों के उपार्जन का कार्य सहकारी समिति द्वारा उपार्जन एजेंसी स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन गेहूँ के लिए एवं मार्कफेड द्वारा चना, मसूर एवं सरसों का एजेंट के रूप में उपार्जन किया जा रहा है। उपार्जन समितियों को उपार्जन नीति अंतर्गत एफएक्यू अर्थात मानक गुणवत्तायुक्त गेहूं, चना का उपार्जन करने के निर्देश है। किन्तु समितियों द्वारा उपार्जित गेहूं एफएक्यू क्वालिटी का न होने से भंडारण एजेंसी द्वारा रिजेक्ट किये जाने से समितियों को कारण बताओं सूचना पत्र जारी किये गये हैं। उप आयुक्त सहकारिता ने उक्त जानकारी देते हुए बताया है कि गेहूँ के लिए प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति रायपुर, ठीकरी, खि?िया, तरोनकला, रामपुर, देवगांव, शोभापुर, अन्हाई, रानी पिपरिया, नर्मदांचल विपणन समिति नर्मदापुरम समितियों को कारण बताओं नोटिस जारी किये है वही चना के लिए प्राथमिक कृषि साख सहकारी समति शिवपुर, कोठरा, झकलाय, लोखरतलाई, लोधी एवं चौतलाय समितियों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है। उन्होंने सर्व संबंधितो को चेतावनी दी है कि यदि वे निर्देशो का पालन नही करते है तो उनके विरूद्धसेवा नियमों के अंतर्गत नियमानुसार सख्त कार्यवाही की जाएगी।

**मेट्रो एंकर** | कलेक्टर ने वाहनों के आवागमन पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए

# एसएसटी जांच नाकों पर सघन जांच अभियान जारी अब तक 11.70 लाख रुपए की राशि जब्त

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।**

लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत 16 मार्च से आदर्श आचार संहिता प्रभावशील हो गई है। आदर्श आचार संहिता की अवधि में किसी भी प्रकार से तय राशि से अधिक नगदी, शराब, शास्त्र ले जाने पर रोक लगी है। नगद राशि के परिवहन के जांच हेतु जिले में चेक पोस्ट नाके बनाए गए हैं। जहां 16 मार्च से तय राशि से अधिक नगदी एवं अन्य संदिग्ध वस्तुएं ले जाने पर प्रभावी कार्रवाई की जा रही है।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सोनिया मीना ने एसएसटी जांच नाको पर वाहनों के आवागमन पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए हैं। साथ ही नगद राशि एवं अन्य संदिग्ध वस्तुओं के परिवहन करने पर जांच के भी निर्देश दिए हैं। इसके लिए एसएसटी एवं एफ एस टी जांच दल का गठन किया गया है। जो चेक पोस्ट पर 24 घंटे तैनात रहकर वाहनों पर निगरानी रख रहे है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 16 मार्च से 18 अप्रैल तक चेक पोस्टों पर वाहनों से कुल 11 लाख 70 हजार रुपए की नकद राशि बरामद की गई है। जिन्हें सुरक्षार्थ जमा किया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पिपरिया के चेक पोस्ट से मुकेश यदुवंशी पिता श्याम सिंह यदुवंशी निवासी नसरुल्लागंज के वाहन से 6 लाख 70 हजार रुपए। सोहागपुर के चेक पोस्ट से देवराम पिता गोपाल यादव निवासी ग्राम सेमलिया जिला जिला खंडवा से 1 लाख 50 हजार रुपए एवं सिवनी मालवा के चेक पोस्ट से कुलदीप बेरवा पिता कैलाश चंद बेरवा निवासी ग्राम गोधी जिला टोंक राजस्थान के वाहन से 3 लाख 50 हजार रुपए नगद बरामद हुए।

उपरोक्त व्यक्तियों द्वारा बरामद राशि के संबंध में संतोषजनक जानकारी न देने पर उक्त राशि सुरक्षार्थ जमा की गई है।

## प्रशिक्षण में अनुपस्थित लोक सेवकों के विरुद्ध की जाएगी कार्रवाई

**नर्मदापुरम.**लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत आयोजित किए गए विभिन्न प्रशिक्षणो में बिना किसी सूचना एवं अवकाश के अनुपस्थित लोक सेवकों के विरुद्ध लोक प्रतिनिधित्व अधिकारी 1951 के अनुसार दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। सहायक नोडल अधिकारी प्रबंधन प्रशिक्षण लोकसभा निर्वाचन नर्मदापुरम ने बताया कि सामान्य प्रथम प्रशिक्षण में कुल 7518 लोक सेवकों को प्रशिक्षण दिया गया जिसमें से 78 लोक सेवक अनुपस्थित पाए गए। इसी प्रकार द्वितीय प्रशिक्षण में कुल 6896 लोक सेवकों को प्रशिक्षण दिया गया जिसमें से 22 लोक सेवक अनुपस्थित पाए गए। इस तरह कुल 100 लोक सेवकों को कारण बताओं नोटिस सूचना पत्र जारी किए गए थे। जिन लोक सेवकों ने कारण बताओं नोटिस का जवाब समय सीमा में प्रस्तुत नहीं किया है साथ ही जिनके जवाब संतोष प्राप्त नहीं पाए गए हैं, ऐसे लोक सेवकों के विरुद्ध कार्रवाई प्रस्तावित की जा रही है।



# छुट्टी के बाद खुली मंडी, जाम से सभी हुए बेहाल



**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

इस महीने में छुट्टियां ज्यादा होने के कारण कम दिन ही मंडी में कार्य हो रहा इस वजह से जिस दिन मंडी खुलती है उस दिन भारी आवक होती एक दिन पहले से ही किसान अपनी उपज लेकर मंडी में विक्रय करने के लिए लेकर आ जाते हैं । गुरुवार को भी 28000 बोरो की आवक हुई वहीं मंडी शहर के बीचों बीच होने के कारण जाम की समस्या से नगर वासियों के अलावा बाहर से आने-जाने वाले वाहन चालकों को भी दो-चार होना पड़ता है। क्योंकि बायपास मार्ग नहीं बनने के कारण बड़े शहरों की ओर जाने वाले वाहन चालकों को भी मंडी रोड से ही होकर जाना पड़ता है तथा बस स्टैंड और बैंकों तक पहुंचने में भी लोगों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ा दोपहर 12 बजे से लेकर शाम 6 बजे तक जाम लगने के परेशानी हुई।

### महायज्ञ में पूर्णाहुति में के बाद शुरू हुआ भंडारा, देर रात तक हुआ प्रसादी वितरण

# महामाई माता के दरबार में हुई महारस और फूलों की होली

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

महामाई माता के दरबार में श्री विद्या शतचंडी दुर्गा महायज्ञ के पूर्णाहुति के बाद नव नव कन्या, ब्राह्मण पूजन के बाद श्रद्धालुओं ने पहाड़ी की परिक्रमा लगाई इसके बाद देर शाम से भंडारे में प्रसादी देने के लिए भक्तों की भीड़ लगी रही गुरुवार को दोपहर में हवन की पूर्णाहुति का समय हुआ तो श्रद्धालुओं की संख्या में और अधिक हो गई। पंडित नलिनीकांत शर्मा के सानिध्य में हुए हवन की पूर्णाहुति के बाद महाआरती का आयोजन हुआ। जिसमें मुख्य यजमान सहित श्रद्धालुओं ने सहभागिता की। इसके बाद सभी श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से माता की पहाड़ी की परिक्रमा भी की। परिक्रमा मार्ग में भगवा झंडे लेकर चल रहे श्रद्धालु माता रानी के जयकारे लगा रहे थे।

**9 देवियों के हुए दर्शन :** महामाई सेवा समिति द्वारा सम्पूर्ण परिसर की भव्य सजावट की गई थी। यज्ञशाला के समीप ही नौ कन्याओं को नौ देवियों के रूप में स्थापित किया गया था। सभी के लिए 9 दरबार भी बनाए गए थे। यज्ञशाला की परिक्रमा और माता के दर्शन करने आए श्रद्धालुओं ने देवी के इन नौ रूपों के दर्शन भी किए।





### कन्याभोज के साथ शुरू हुआ भंडारा

महायज्ञ की पूर्णाहुति के बाद माता के दरबार में विशाल भंडारा भी शुरू हो गया। इस बार भंडारे की व्यवस्था बदली हुई थी। पंगत के स्थान पर श्रद्धालुओं को कतार में लगकर प्रसादी वितरित की गई। भोजन प्राप्त करने के लिए श्रद्धालुओं को किसी तरह की परेशानी ना हो इसके लिए समिति ने तारफेंसिंग कर काउंटर बनाए गए थे। इसमें भी महिलाओं और पुरूषों के लिए अलग-अलग प्रबंध किया गया था। श्रद्धालुओं ने इस कतार में खड़े होकर ही प्रसाद ग्रहण किया। प्रसाद वितरण का यह सिलसिला देर रात तक चलता रहा। इस दौरान हजारों श्रद्धालुओं ने माता का प्रसाद ग्रहण किया। शादियों अधिक होने के कारण पिछले वर्ष की संख्या में कम लोग पहुंचे। वहीं पुलिस प्रशासन के द्वारा सुरक्षा को लेकर विशेष इंतजाम किए गए थे। माहमाई गेट की तरफ से प्रवेश दिया जा रहा था और टोरी वाले मार्ग से वाहनों को बाहर निकलने का कार्य किया गया।



### कलाकारों ने प्रस्तुत किया मयूर नृत्य, खेली फूलों की होली

माता के दरबार में रामलीला का मंचन कर रहे वृंदावन के कलाकारों ने अंतिम दिन दोपहर में रासीलला का मंचन भी किया। जिसमें कथा व्यास कृष्णमुरारी महाराज ने श्री कृष्ण की लीलाओं की जानकारी दी। बृज भाषा में हुई इस लीला ने श्रद्धालुओं को मोहने में कोई कसर नहीं छोड़ी। इस अवसर पर वंदावन के कलाकारों ने मनभावन मयूर नृत्य की प्रस्तुति दी। इसके बाद पर लट्ठमार और फूलों की होली भी खेली गई। जिसमें कलाकारों ने राधा और कृष्ण के स्वरूपों को फूलों के ढेर से ढंक दिया क्षेत्रीय विधायक और समिति के सदस्य उमाकांत शर्मा ने भी फूलों और लठमार होली खेली जैसे ही होली का दौर प्रारंभ हुआ तो पूरा माहौल श्री कृष्ण की भक्ति में लीन नजर आ रहा था।

# दो सड़क हादसों में एक मौत 7 घायल, दो मोटरसाइकिल आमने सामने भिड़ी, ट्रक ने मारी टक्कर

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

बुधवार- गुरुवार की रात्रि में दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने भीषण टक्कर होने से एक की तो घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई थी चार लोग गंभीर रूप से घायल है ,जिनका उपचार चल रहा है।टक्कर इतनी तेज थी कि सड़क भी खून से लथपथ हो गई। इसी तरह गुरुवार को शाम के समय बाईपास पर मोटरसाइकिल सवार को ट्रक चालक ने टक्कर मार जिसके चलते मंडी बामोरा के रहने वाले तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए इनको तत्काल मुख्य डाकपाल अधिकारी सिरोंज राजेंद्र खोड़के के घायल अवस्था में अपनी गाड़ी से शासकीय राजीव गांधी जन चिकित्सालय लेकर पहुंचे जहां पर इनका उपचार किया जा रहा है। पथरिया थाना प्रभारी ऋतुराज ने बताया कि वहीं बुधवार की रात्रि में 11 के करीब ग्राम बगरोदा थाना पथरिया के पास से दो मोटरसाइकिलों की आपस मे टक्कर होने से घायल 5 व्यक्ति घायल हो गए थे जिन्हे इलाज के लिए सिरोंज के शासकीय अस्पताल ले जाया गया था। लक्ष्मण कुशवाहा निवासी सिरोंज उम्र 24 साल की गंभीर चोट लगने के कारण मृत्यु हो गई। वहीं अमित पिता बिहारीलाल अहिरवार, रवि पिता रम्मू शाक्य, राज पिता मिश्री लाल निवासी मंडीबामोरा, हीरालाल पिता गोपाल सिंह निवासी वीरपुर को गंभीर चोट आएंगे जिनको प्राथमिक उपचार के बाद रात्रि में ही डॉक्टरों ने रेफर कर दिया था। मर्ग कायम करके मामले को विवेक नाम में लिया है।

माहमाई मैया के दर्शन करने आ रहे तीन लोगों को ट्रक ने मारी टक्कर - शाम के समय कुरवाई बाईपास पर आरोन की तरफसे आ रहे ट्रक में मोटरसाइकिल स्वरों को सामने से टक्कर मार दी जिसके चलते तीनों लोग गंभीर रूप से घायल होगा जिनको इलाज के लिए हंड्रेड डायल से अस्पताल पहुंचाएगा या जहां पर डॉक्टरों द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद रेफर कर दिया गया। एस आई विनोद रघुवंशी ने बताया कि गोविंद उम्र 24 साल, अंशुल उम्र 18 साल निवासी केशवपुर मंडीबमोरा एवं राहुल लोधी उम्र 20 साल निवासी खिरिया महामाई मैया के दर्शन करने के लिए कुरवाई की तरफसे आ रहे थे । तभी आरोन की तरफसे आ रहा है ट्रक ने बाईपास पर इनकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी इसके बाद इनको इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया वहीं ट्रक को जप्त तक कर लिया है लापरवाही से वाहन चलाने का प्रकरण भी चालक पर दर्ज किया गया है।

# बहुजन समाज पार्टी छोड़ी, निर्दलीय मैदान में उतरे तोषमणी पंथी, सागर से फॉर्म किया जमा

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

सिरोंज विधानसभा से बहुजन समाज पार्टी के उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ने वाले तोष मंणी पंथी ने बहुजन समाजवादी पार्टी को दलालों की पार्टी बताते हुए पार्टी से त्यागपत्र देकर निर्दलीय के रूप में सागर लोकसभा से चुनाव लड़ने के लिए अपना नामांकन फार्म जमा करते हुए कहा कि पहले तो मुझे बहुजन समाज पार्टी के द्वारा चुनाव लड़ने के लिए दववा बनाया जा रहा था तब मैंने मना किया पर जैसे ही मैं चुनाव लड़ने के लिए तैयार हुआ तो मुझे दलालों के द्वारा पैसों की डिमांड की जा रही थी पैसे नहीं दिए तो मुझे पार्टी का उम्मीदवार नहीं बनाया, मोबाइल के माध्यम से कुछ लोगों को इन्होंने पैसे भी ट्रांसफर किया उसके स्क्रीनशॉट डाले हैं। उन्होंने कहा कि ऐसी पार्टी को मैं आज ही छोड़ता हूं जनता के बीच में निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में जाऊंगा मुझे पूरा भरोसा है कि जनता जनार्दन का आशीर्वाद भी प्राप्त होगा।



### चुनाव आयोग को करना चाहिए करवाई

# 'वीडी ने दिग्विजय को आतंकवादियों को गले लगाने वाला बताकर दिया फसिस्ट सोच का परिचय'

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

लोकसभा चुनाव के परिप्रेक्ष्य में पूरे देश में आचार संहिता प्रभावशील है। भारतीय जनता पार्टी शासन और प्रशासन का जमकर दुरूपयोग कर रही है। वहीं भाजपा विपक्षी दलों की मान-मर्यादा का लगातार दोहन कर रही हैं। प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष बी.डी. शर्मा द्वारा सारी मर्यादा तक में रखकर कहा कि



राजगढ़ के कांग्रेस प्रत्याशी श्री दिग्विजय सिंह के विरूद्व अनर्गल विलाप करते हुये अपने भाषण में धार्मिक उन्नमाद फैलाने का कार्य कृत्य किया और राजनीतिक कार्यक्रम को धर्म की आड़ लेकर कांग्रेस प्रत्याशी श्री दिग्विजय सिंह जी के विरूद्ध अनर्गल बयान बाजी करते हुए कहा कि '' राजगढ़ का चुनाव साधारण चुनाव नहीं है, बल्कि यह चुनाव भगवान राम का अपमान करने वाले, भारतीय संस्कृति का अपमान करने वाले, आतंकवादियों को गले लगाने वाले व्यक्ति दिग्विजय सिंह के साथ (विरूध) है, इसलिए 22 जनवरी, 2024 को अयोध्या में भगवान राम के मंदिर बनवाने एवं उनकी प्राण प्रतिष्ठा कराने वाले देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए राम विरोधी, संस्कृति विरोधी, आतंकवादियों के हितैषी दिग्विजय सिंह को चुनाव में हराकर भाजपा प्रत्याशी रोड़मल नागर को भारी संख्या में विजयी बनाएं। भाजपा प्रत्याशी रोडमल नागर के नामांकन के संबंध में आयोजित चुनावी आमसभा में सत्तारूढ भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने खुलकर आचार संहिता की धज्जियां उडाई एवं शासकीय मशनरी का भी दुरूपयोग किया।

मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के डेलिगेट - सचिव व केश शिल्पी प्रकोष्ठ प्रदेशाध्यक्ष विनोद सेन ने चुनाव आयोग से मांग की है कि प्रभावशील आदर्श आचार संहिता के अनुसार कोई भी राजनीतिक दल का नेता धर्म के नाम पर वोट नहीं मांग सकता, प्रत्याशी के विरूद्ध गलत, असत्य एवं निराधार आरोप लगाकर उन्हें बदनाम करने का कृत्य करते हुए चुनाव में हराने की अपील करते हुए वोट मांगना प्रतिबंधित है। सेन ने चुनाव आयोग से उक्त मांग पर प्रकरण दर्ज कर कार्यवाही करने की मांग की है।

# लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस हुई एक्टिव, चालानी कार्रवाई भी हुई तेज

**सिरोंज।** लोकसभा चुनाव की तारीख जैसे-जैसे नजदीक आ रही है वैसे-वैसे निर्वाचन आयोग के निर्देश पर पुलिस प्रशासन भी एक्टिव हो गया है। अब चार पहिया वाहनों में नेताओं और अन्य लोगों के द्वारा जो हूटर लगा रखे हैं उनके वाहनों की चेकिंग करके उनको निकलवाने का काम भी किया जा रहा है, साथ ही चालानी कार्रवाई भी जा रही है । कई बार पहले ऐसे वाहन चालकों को पुलिस समझाई दे चुकी है फिर भी वाहनों से हूटर नहीं उतरे अब इनके वाहनों में से पुलिस अपनी मौजूदगी में उतरवाने का कार्य किया जा रहा है साथ ही चालान भी बनाए जा रहे हैं। क्योंकि कई लोगों के द्वारा नेतागिरी दिखाने के लिए वाहनों पर बड़े-बड़े हूटर लगाकर नियमों का दुरुपयोग किया जा रहा है जबकि कोर्ट के द्वारा किसी को भी हूटर लगाने की अनुमति नहीं दी गई है फिर भी अधिकांश नेताओं से लेकर कई कार्यकर्ताओं और अन्य लोगों के द्वारा भी वाहनों पर इनको लगाने का काम किया गया है।



**मेट्रो एंकर**

### कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

# मतदाताओं को जागरुक करने बाइक रैली आयोजित





**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

लोकसभा निर्वाचन 2024 में विदिशा जिले के सभी मतदाता अपने मत का उपयोग नियत मतदान केन्द्र पर पहुंचकर करें। इसके लिए निर्वाचन आयोग की मंशा अनुसार स्वीप गतिविधियो के तहत मतदाता जागरूकता के विविध कार्यक्रमों का आयोजन शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में एक साथ आयोजित किए जा रहे हैं।

विदिशा नगरपालिका क्षेत्र में गुरूवार को बाईक रैली का आयोजन किया गया था इस रैली को कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री बुद्धेश कुमार वैद्य ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर स्वीप के जिला नोडल अधिकारी डॉ योगेश भरसट, विदिशा नगरपालिका के मुख्य नगरपालिका अधिकारी श्री धीरज शर्मा के अलावा अन्य विभागो के अधिकारी व निकाय के अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहें।

मतदाता जागरूकता के उद्धेश्य से विदिशा नगरपालिका के द्वारा आयोजित मोटर साइकिल रैली स्वामी विवेकानंद चौराहे से प्रारंभ होकर श्री रामलीला चौराहा, बजरिया, माधवगंज, बंटीनगर, पूरनपुरा तिराहा, करैयाखेडा रोड होते हुए अहमदपुर चौराहा, क्रांति चौक, पीतलमील, दुर्गानगर चौराहा होते हुए खेल स्टेडियम में मतदाता जागरूकता की शपथ से सम्पन्न हुई है।

कलेक्टर श्री वैद्य ने विदिशा नगरपालिका के द्वारा निकाय क्षेत्र में मतदाता जागरूकता के संदर्भ में किए जा रहे कार्यो की प्रशंसा करते हुए उन्होंने कहा कि विदिशा शहर के सभी मतदाता सात मई को मतदान प्रक्रिया में शामिल होकर अपना मत जरूर दें ताकि विदिशा जिला सर्वाधिक मतदान करने वाले जिलो की सूची में अव्वल रहें। स्वीप के जिला नोडल अधिकारी डॉ योगेश भरसट ने भी मतदाता जागरूकता के कार्यो को अति महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि विदिशा जिले में विधानसभा निर्वाचन के दौरान जिले का एकजाई 80 प्रतिशत मतदान हुआ है। लोकसभा निर्वाचन में प्रतिशत के मामलो में जिला पिछड ना पाए इसके लिए जिले के सभी मतदाताओं को मतदान प्रक्रिया में शामिल होना अति आवश्यक है। स्वंय मतदान करें और दूसरे मतदाताओं को अभिप्रेरित करें का संदेश सभी मतदाताओं तक पहुंचाने कार्य स्वीप गतिविधियों के तहत किया जा रहा है।

# किलियन एम्बाप्पे के ब्रेस ने बार्सिलोना पर रोमांचक जीत के बाद पीएसजी को चैंपियंस लीग सेमीफाइनल में पहुंचाया

## चैंपियंस लीग सेमीफाइनल में डॉर्टमुंड से भिड़ंत तय की

**नईदिल्ली, एजेंसी**

क्वार्टर फाइनल के दूसरे चरण में एफसी बार्सिलोना पर 4-1 की रोमांचक जीत (कुल मिलाकर 6-4) के साथ यूईएफए चैंपियंस लीग 2023-24 सेमीफाइनल में अपना स्थान सुरक्षित कर लिया। (भारतीय मानक समय के अनुसार) ओलोम्पिक लुलिस कंपनी। पीएसजी ने घरेलू हार और दो गोल से पिछड़ने के बाद वापसी की, एमबीप्पे ने पेनल्टी को गोल में बदला और अंतिम समय में एक गोल जोड़कर दूसरे चरण में 4-1 की जीत के साथ सेमीफाइनल में जगह पक्की की।

कठिन शुरुआत के बाद, पीएसजी ने पहला गोल खा लिया क्योंकि राफिन्हा ने 12वें मिनट में गोल कर बार्सिलोना को 1-0 और कुल स्कोर 4-2 से आगे कर दिया। हालाँकि, रोनाल्ड अराउजो के सीधे लाल कार्ड के कारण बार्सिलोना को मैच के अधिकांश समय में दस खिलाड़ियों तक सीमित कर दिया गया। मौके का फायदा उठाते हुए पीएसजी ने 40वें मिनट में ओस्मान डेम्बेले के गोल से स्कोर 1-1 और कुल स्कोर 4-3 कर दिया। दूसरे हाफ में, पीएसजी ने मैच का रुख बदलने के लिए अपने संख्यात्मक लाभ का फायदा उठाया। 54वें मिनट में वितिन्हा के गोल ने कुल स्कोर 4-4 कर दिया, जिससे पीएसजी को खेल में 2-1 की बढ़त मिल गई। डेम्बेले ने अपने पूर्व क्लब का सामना करते हुए पीएसजी के लिए पेनल्टी अर्जित की, जिसे एमबीप्पे ने 64वें मिनट में गोल में बदल दिया, जिससे मैच में पीएसजी की बढ़त 3-1 और कुल स्कोर 5-4 हो गई।



दिलचस्प बात यह है कि एमबीप्पे ने अब चैंपियंस लीग में बार्सिलोना के खिलाफ किसी भी अन्य टीम की तुलना में अधिक गोल किए हैं, उनके खिलाफ पांच गोल हो गए हैं। आठ गोल के साथ केवल थॉमस मुलर का चैंपियंस लीग में बार्सिलोना के खिलाफ बेहतर रिकॉर्ड है। पेरिस के लिए चैंपियंस लीग जीतने का मेरा सपना है। मुझे पहले दिन से ही पीएसजी में होने पर गर्व है। ऐसा नहीं है कि अच्छे और बुरे समय के कारण मेरे गौरव को ठेस पहुंचती है। इस क्लब के लिए खेलने का गौरव , अपने देश की राजधानी के क्लब का प्रतिनिधित्व करना, मेरे लिए यह कुछ खास है जो वहां पला-बढ़ा है। एक पेरिसवासी के रूप में इस तरह की शाम का अनुभव करना बहुत अच्छा है, वेम्बली में फाइनल में पहुंचने से पहले हमें एक और कदम उठाना होगा , इसलिए हमें शांत रहने की जरूरत है, गोल के अनुसार, एमबीप्पे ने मैच के बाद कहा।

### सेमीफाइनल में पीएसजी का सामना डॉर्टमुंड से होगा

पीएसजी अब यूसीएल 2023-24 सेमीफाइनल में डॉर्टमुंड से भिड़ेगी, साथ ही बुंडेसलीगा टीम ने भी एटलेटिको को कुल स्कोर पर 5-4 से हराकर उल्लेखनीय वापसी की। यह जीत डॉर्टमुंड की 11 वर्षों में चैंपियंस लीग के सेमीफाइनल में पहली उपस्थिति का प्रतीक है।

## आईपीएल: आज चेन्नई सुपर किंग्स का सामना लखनऊ सुपरजायंट्स से होगा

# 7वें नंबर पर आई मुंबई, आज जीत कर नंबर-2 बन सकती है सीएसके

**लखनऊ, एजेंसी**

मुंबई इंडियंस (एमआई) ने इंडियन प्रीमियर लीग में पंजाब किंग्स पर 9 रन की रोमांचक जीत दर्ज की है। इस जीत से मुंबई की टीम मौजूदा सीजन के पॉइंट्स टेबल के 7वें नंबर पर आ गई है, जबकि पंजाब को 9वें नंबर पर पहुंच गई है। मैच में तीन विकेट लेने वाले जसप्रीत बुमराह सीजन के टॉप विकेट टेकर बन गए हैं। उन्हें पर्पल कैप सौंपी गई है। सीजन की ऑरेंज कैप विराट कोहली के पास ही है।

आज सीजन के 34वें मुकाबले में चेन्नई सुपर किंग्स का सामना लखनऊ सुपरजायंट्स से होगा। इसे जीतने पर चेन्नई टॉप-2 में जगह बना लेगी, जबकि लखनऊ के पास टॉप-4 में आने का मौका होगा। पंजाब के खिलाफ 3 विकेट लेकर जसप्रीत बुमराह ने पर्पल कैप हासिल कर ली है। बुमराह 7 मैच में 13 विकेट ले चुके हैं। वहीं जेराल्ड कूट्जी 7 मैचों में 12 विकेट के साथ तीसरे नंबर पर आ गए हैं। कगिसो रबाडा भी टॉप-5 में शामिल हो गए हैं। मुस्तफिजुर रहमान 4 विकेट लेकर टॉप विकेट टेकर बन सकते हैं।



### सिक्सर किंग अब भी हेनरिक क्लासन

टूर्नामेंट के टॉप-5 सिक्स हिटर में गुरुवार के मैच के बाद कोई बदलाव नहीं हुआ। हेनरिक क्लासन 24 सिक्स के साथ टॉप पर ही हैं। आज शिवम दुबे 10 छक्के लगाकर पहले नंबर पर पहुंच सकते हैं। 17वें सीजन में सबसे ज्यादा चौके अब भी विराट कोहली ने ही लगाए हैं। उनके नाम 7 मैचों में 35 चौके हैं। रोहित शर्मा 30 चौकों के साथ दूसरे नंबर पर आ गए हैं। ऋतुराज गायकवाड 10 चौके लगाकर टॉप पर आ सकते हैं। आज शिवम दुबे 34 रन बनाकर टॉप-5 में शामिल हो सकते हैं। किंग्स के खाते में अब तक 4 अंक ही हैं और टीम टेबल के 9वें पायदान पर है।

**जाने क्या कहता है पॉइंट्स टेबल**

### मुंबई को 2 स्थान का फायदा, पंजाब को एक पायदान का नुकसान

*गुरुवार को मिली जीत से मुंबई इंडियसं को 2 स्थान का फायदा हुआ है, जबकि पंजाब को एक स्थान का नुकसान हुआ है। मुल्लांपुर (चंडीगढ़) में मुंबई ने टॉस हारकर बैटिंग करते हुए 20 ओवर में 7 विकेट पर 192 रन बनाए। जवाब पंजाब किंग्स 19.1 ओवर में 183 रन पर ऑलआउट हो गई। मुंबई अब 7 मैच खेल चुकी है। इनमें से टीम को 3 में जीत मिली है और 4 में पराजय झेलनी पड़ी है। टीम 6 अंक के साथ पॉइंट्स टेबल के 7वें नंबर पर है। पंजाब ने भी 7 मैच खेले हैं, इनमें से टीम ने 2 जीते हैं और 5 हारे हैं। किंग्स के खाते में अब तक 4 अंक ही हैं और टीम टेबल के 9वें पायदान पर है।*

#### जीत से टॉप-2 में आ जाएगी चेन्नई

चेन्नई की टीम इस मैच को जीतकर पॉइंट्स टेबल के टॉप-2 में आ सकती है। सीएसके के खाते में अभी 8 अंक हैं और टीम तीसरे पायदान पर है। जीत के बाद चेन्नई के पास 10 अंक होंगे, लेकिन टीम इतने अंकों के साथ नंबर-2 पोजिशन ही हासिल कर सकेगी, क्योंकि राजस्थान रॉयल्स 12 अंकों के साथ टॉप पर है। सीएसके अपने पिछले दो मुकाबले जीतकर आ रही है। ऐसे में टीम के पास जीत की हैट्रिक जमाने का मौका होगा।

#### टॉप-4 पर आ सकती है लखनऊ

इस मैच को जीतकर लखनऊ पॉइंट्स टेबल के टॉप-4 में शामिल हो सकती है। इसके लिए टीम को बड़े मार्जिन से जीत हासिल करनी होगी, ताकि एलएसजी का रन रेट सनराइजर्स हैदराबाद से अधिक हो सके, क्योंकि हैदराबाद 8 अंक के साथ नंबर-4 पर है। फिलहाल, लखनऊ पॉइंट्स टेबल के 5वें पायदान पर है और टीम के पास 6 अंक हैं। जीत की स्थिति में रुस्त्र के पास 8 अंक ही होंगे। 17वें सीजन के टॉप रन स्कोरर अब भी आरसीबी के विराट कोहली ही हैं। उन्होंने 7 मैचों में 361 रन बनाए हैं। मुंबई के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा 36 रन बनाकर तीसरे नंबर पर आ गए हैं। वे 7 मैचों में 297 रन बना चुके हैं।

**बारिश ने बिगाड़ा खेल**

## बेनतीजा रहा पाकिस्तान-न्यूजीलैंड का पहला टी20



### टी20 सीरीज का दूसरा मुकाबला 20 अप्रैल

**रावलपिंडी, एजेंसी**

पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच खेली जाने वाली पांच मैचों की टी20 सीरीज की शुरुआत बीते गुरुवार से हुई. सीरीज का पहला मुकाबला रावलपिंडी के रावलपिंडी क्रिकेट स्टेडियम में होना था. लेकिन, बारिश ने यहां सारा खेल बिगाड़ दिया और सीरीज़ का पहला टी20 बेनतीजा रहा. हालांकि मुकाबले की शुरुआत हो गई थी, लेकिन दोबारा बारिश आई, जिसके बाद फिर से मैच शुरू नहीं हो सका.

मुकाबले की शुरुआत से पहले बारिश ने दखल डाला, जिससे देरी हुई. बारिश काफी देर तक होती रही और आखिर में 5-5 ओवर का मैच होने का फैसला लिया गया. 5-5 ओवर वाले मैच की शुरुआत हुई. न्यूज़ीलैंड पहले बैटिंग के लिए मैदान पर उतरी और पाकिस्तान ने बॉलिंग की कमान संभाली, लेकिन मैच शुरू होने के बाद अभी सिर्फ 2 गेंदें ही फिक सकी थीं कि दोबारा बारिश ने दस्तक दे दी, जिसकी वजह मैच को रद्द करना पड़ा. इस तरह पूरे मुकाबले में सिर्फ 2 गेंदें फिकीं और मैच का कोई नतीजा नहीं निकल सका. हालांकि दूसरी गेंद पर शाहीन अफरीदी ने टिम रॉबिन्सन को बोल्ड कर दिया था. यह सीरीज पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के लिए जून में खेले जाने वाले टी20 वर्ल्ड कप 2024 की तैयारी के लिहाज से काफी अहम है. पाकिस्तान-न्यूजीलैंड टी20 सीरीज का दूसरा मुकाबला 20 अप्रैल को खेला जाएगा. दूसरा मुकाबला भी रावलपिंडी में ही होगा. इसके बाद दोनों टीमें तीसरे मैच के लिए भी रावलपिंडी के मैदान पर आमने-सामने होंगी, जो 21 अप्रैल को खेला जाएगा. फिर चौथी भिड़ंत 25 अप्रैल गुरुवार को लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में होगी.



**मेट्रो बाजार**

## टाटा की एक और उड़ान, फैब इंडिया की हिस्सेदारी खरीद सकती है कंपनी

**नईदिल्ली, एजेंसी**

एथनिक कपड़ों के मशहूर ब्रांड फैब इंडिया के बारे में आपने सुना ही होगा और इसी से जुड़ी बड़ी खबर आई है. खबरें हैं कि टाटा समूह की फैब इंडिया को खरीदने के लिए समूह और कंपनी के बीच बातचीत चल रही है. टाटा समूह की फैब इंडिया के साथ अधिग्रहण से जुड़ी बातचीत चल रही है और इस बात के संकेत मिले हैं कि इसकी वैल्यू आरंभिक वैल्यूएशन या 2.5 बिलियन डॉलर के शुरुआती अनुमान से कम हो सकती है. एक रिपोर्ट के मुताबिक टाटा ग्रुप की एथनिक अपैरेल बिजनेस करने वाली कंपनी फैबइंडिया के प्रमोटर्स और स्टेकहोल्डर्स के साथ चर्चा चल रही है और इस खरीदारी को पूरा करने से जुड़ा कोई बड़ा ऐलान जल्द हो सकता है. इस रिपोर्ट में ये भी जानकारी दी गई है कि जारी चर्चा में 2.5 बिलियन डॉलर के पहले के एस्टीमेट से निचले स्तर पर कोई सौदा हो सकता है. फैबइंडिया का आईपीओ लाने की योजना पूरी नहीं हो पाई थी. अगर ये सौदा हो जाता है तो ये टाटा ग्रुप के लिए उसके पोर्टफोलियो में बड़ा वैल्यू ऐडीशन का काम करेगा और खासतौर से एथनिक वियर सेक्टर में इसके लिए मुनाफे का सौदा हो सकता है. टाटा की रिटेल शाखा ट्रेंट के तहत आने वाले ब्रांड वेस्टसाइड, जूडियो और यू के साथ-साथ ये ब्रांड इसके पोर्टफोलियो को और समृद्ध करेगा. हालांकि टाटा समूह और ट्रेंट किसी ने भी इस बारे में पूछ गए सवालों का जवाब नहीं दिया है और मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक इस पर कोई टिप्पणी करने से इंकार कर दिया है. वहीं फैबइंडिया के प्रवक्ता ने ऐसी किसी भी चर्चा से फिलहाल इंकार कर दिया है. एबीपी न्यूज भी खबर की पुष्टि नहीं करता है. फैबइंडिया ने अपनी सब्सिडियरी ऑरगेनिक इंडिया को टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स को 1900 करोड़ रुपये की एंटरप्राइज वैल्यू पर बेच दिया था.




## पेटीएम को एनपीसीआई से मिली जरूरी मंजूरी

**मुंबई, एजेंसी।** पेटीएम ब्रांड की स्वामित्व वाली कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड (ओसीएल) को नए पेमेंट सिस्टम प्रोवाइडर (पीएसपी) बैंक हैंडल पर यूजर्स को स्थानांतरित करने की एनपीसीआई से मंजूरी मिल गई है। कंपनी ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि मल्टी पेमेंट सर्विस प्रोवाइडर एपीआई मॉडल पर ओसीएल को थर्ड-पार्टी एप्लिकेशन प्रोवाइडर (टीपीएपी) के रूप में मंजूरी मिलने के बाद पेटीएम ने एक्सिस बैंक, एचडीएफसी बैंक, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) और यस बैंक के साथ एकीकरण की प्रक्रिया को तेज किया है।




**पेटीएम ने बताया- माइग्रेशन का काम हुआ तेज**

कंपनी ने बताया कि वन97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड (ओसीएल) को नेशनल पेमेंट कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) से नए भुगतान प्रणाली प्रदाता (पीएसपी) बैंक हैंडल में उपयोगकर्ता माइग्रेशन शुरू करने की मंजूरी मिल गई है। सभी चार बैंक अब टीपीएपी पर परिचालन कर रहे हैं। पेटीएम के लिए इन पीएसपी बैंकों में यूजर्स के खातों को स्थानांतरित करने की प्रक्रिया चल रही है। विज्ञप्ति के अनुसार कंपनी ने निर्बाध यूपीआई भुगतान सुनिश्चित करते हुए पेटीएम हैंडल्स को इन बैंकों में स्थानांतरित करना शुरू कर दिया है। एक बार पेटीएम यूजर को किसी अन्य पार्टनर पेमेंट सर्विस प्रोवाइडर (पीएसपी) बैंक में माइग्रेट करने के बाद जिन यूजर्स की मौजूदा यूपीआई आईडी है वह नई यूपीआई आईडी में बदल जाएगी।

**मनोरंजन** **बॉलीवुड का कोना**

## फ्लाइट में ऐश्वर्या को हुआ था शादी का अहसास



ऐश्वर्या राय बच्चन और अभिषेक बच्चन ने साल 2007 में शादी की थी। उस वक्त इस शादी की खूब चर्चा हुई थी। कई दिनों तक यह जोड़ी सुर्खियों में रही थी। मालूम हो कि ऐश्वर्या राय बच्चन और अभिषेक बच्चन की शादी को 17 साल पूरे होने जा रहे हैं। इस खास मौके पर हम ऐश्वर्या राय बच्चन से जुड़ी दिलचस्प बातें बताने जा रहे हैं।

### जब एयर होस्टेस ने ऐश्वर्या को कहा- मिसेज बच्चन

जब शादी के बाद ऐश्वर्या राय और अभिषेक बच्चन बोरा बोरा में हनीमून मनाने गए थे तो एक वाकया हुआ था। ऐश्वर्या ने खुद इसके बारे में बताया था। दोनों फ्लाइट से यात्रा कर रहे थे तभी अचानक एयर होस्टेस ऐश्वर्या राय के पास आई और उन्हें 'मिसेज बच्चन' कहकर बुलाया। यह सुनते ही अभिषेक और ऐश्वर्या ने तुरंत एक-दूसरे को देखा और दोनों जोर से हंस पड़े। ऐश्वर्या ने बताया था कि 'मिसेज बच्चन' सुनकर उन्हें अचानक महसूस हुआ था कि उनकी शादी हो गई है।

### 'धूम-2' की शूटिंग के दौरान हुआ था प्यार

ऐश्वर्या राय बच्चन और अभिषेक बच्चन ने एक साथ कई फिल्मों में काम कर चुके हैं। इनमें धूम 2, रावण, कुछ ना कहो, ढाई अक्षर प्रेम के, गुरु और उमराव जान शामिल है। अभिषेक बच्चन को धूम 2 की शूटिंग के दौरान ऐश्वर्या राय बच्चन से इश्क हुआ था। इसके बाद दोनों ने शादी रचाई थी। दोनों पहली बार फिल्म 'ढाई अक्षर प्रेम के' के एक फोटो शूट के लिए मिले थे। कुछ साल बाद उनके बीच नजदीकियां बढ़ने लगी थी।

**सिद्धार्थ रॉय कपूर से शादी के बाद कैसी चल रही है विद्या बालन की लाइफ एक्ट्रेस ने कहा-**

## तमाम परेशानी के बावजूद, हमारे रिश्ते में बहुत ज्यादा ईमानदारी है

इन दिनों बॉलीवुड एक्ट्रेस विद्या बालन अपनी अपकमिंग फिल्म 'दो और दो प्यार' को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं. विद्या बालन लंबे समय के बाद इस फिल्म में नजर आने वाली हैं. हाल ही में विद्या ने बताया कि, सिद्धार्थ रॉय कपूर से उनकी मुलाकात साल 2010 में करण जौहर के घर पर एक पार्टी में हुई थी. फिल्म निर्माता ने कामदेव की भूमिका निभाई थी, उन्होंने जानबूझकर हम दोनों को इनवाइट किया था क्योंकि वो चाहते थे कि हम एक साथ हों. एक्ट्रेस ने कहा, आजकल की जेनरेशन दाएं और बाएं स्वाइप करती हैं. लेकिन मैं भाग्यशाली रहीं कि टिंडर और बम्बल के फलने-फूलने से पहले ही मुझे एक पार्टनर मिल गया और मैं इससे बहुत खुश हूं. प्यार हमेशा प्यार ही रहेगा. बता दें कि कुछ समय तक डेटिंग करने के बाद, सिद्धार्थ और विद्या ने दिसंबर 2012 में शादी कर ली थी. आगे विद्या ने कहा कि तमाम परेशानी के बावजूद भी, हमारे रिश्ते में बहुत ज्यादा ईमानदारी है और ये ही कारण है कि वह सिद्धार्थ के सामने अपनी फीलिंग्स को खुलकर जाहिर करने से नहीं डरती.

### झूठ नहीं बोल सकतीं

पति सिद्धार्थ के बारे में बात करते हुए एक्ट्रेस बोलीं- अच्छी बात ये है कि वह समझता है कि मैं जो करती हूं उसे करने के लिए कितनी मेहनत करनी पड़ती है. इसलिए, वह बहुत सपोर्टिव है और ये दूसरा पहलू भी है क्योंकि मैं काम के कारण थकने के बारे में उनसे झूठ नहीं बोल सकतीं.



## 'मुन्ना भाई एमबीबीएस' में सर्किट से पहले कुछ ओर था अरशद के किरदार का नाम



*बॉलीवुड अभिनेता अरशद वारसी 'सर्किट' के नाम से जाने जाते हैं। उनके द्वारा फिल्म 'मुन्ना भाई एमबीबीएस' में निभाया गया यह किरदार काफी यादगार है। दर्शकों ने इस किरदार को खूब पसंद किया था। यह फिल्म 2003 में रिलीज हुई थी और लोग आज तक अरशद के इस किरदार को भूले नहीं है। हाल ही में, अरशद वारसी ने खुद इस किरदार के बनने के पीछे की कहानी बताई है। अरशद ने एक साक्षात्कार में बताया कि उनके इस किरदार का नाम पहले सर्किट नहीं, बल्कि खुजली था। उसके कपड़े और हरकतें काफी ज्यादा अलग तरह की थी। उन्होंने कहा, नाम सुनते ही आपको लगता है, ये सिर्फ खुजाता रहेगा। उससे ज्यादा क्या ही करेगा, तो वह पूरा पैकेज खराब हो जाता है। अरशद वारसी ने सर्किट के किरदार पर काफी मेहनत की थी। अरशद ने बताया कि उन्होंने फिल्म के निर्देशक राजकुमार हिरानी से किरदार का नाम बदलने को कहा था। इसके अलावा उसके कपड़ों में भी बदलाव करने की बात कही थी। उन्होंने बताया कि इस फिल्म की शूटिंग के दौरान तक राजकुमार हिरानी उनके सेंस ऑफ ह्यूमर के बारे में नहीं जानते थे। उन्होंने दिलचस्प बात बताते हुए कहा कि फिल्म के कुछ-कुछ सीन तो ऐसे थे, जिनमें सब कुछ अरशद ने ही किया था। फिल्म के दृश्यों में जान डालने के लिए उन्होंने काफी काम किया था। अरशद ने बताया कि 'मुन्ना भाई एमबीबीएस' में मुख्य किरदार अदा करने वाले संजय दत्त ने भी उनके दिए सुझावों का समर्थन किया था। उन्होंने कहा संजय दत्त और उनके बीच अच्छा तालमेल है।*

# पत्नी से कहासुनी के बाद पति ने मोतिया तालाब में कूदकर दी जान



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**
शाहजहांनाबाद थाना क्षेत्र स्थित मोतिया तालाब में गुरुवार दोपहर एक युवक ने छलांग लगा दी। जब तक उसे बाहर निकाला जाता उसकी मौत हो चुकी थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई कि वह शराब पीने का आदी था और पत्नी से शराब पीने के लिए रुपए मांगे थे। पत्नी ने रुपए देने से मना किया तो उसने तालाब में कूदकर जान दे दी।

एएसआई मिथलेश त्रिपाठी ने बताया कि विकास झा पिता स्वर्गीय अशोक झा (46) शर्मा कॉलोनी, शाहजहांनाबाद में रहता था और दिहाड़ी मजदूरी करता था। गुरुवार दोपहर वह घर पर था। उसने पत्नी से रुपए मांगे तो पत्नी ने रुपए देने से इंकार कर दिया। पत्नी का कहना था कि काम की तलाश करों और कमाई करो। इस बात पर पत्नी से उसकी कहासुनी हो गई। कहासुनी बढ़ने पर वह पत्नी से कहकर निकला था कि तालाब में कूदकर जान दे दूंगा। वह अक्सर धमकी देता था। लिहाजा पत्नी ने उसे कहा कि जो करना है कर लो।

## दस मिनट बैठा और लगा दी छलांग

दोपहर करीब डेढ़ बजे के आसपास वह मोतिया तालाब पहुंचा था। कुछ देर दुकानों के पास वह रेलिंग पर बैठा रहा फिर एकाएक तालाब में छलांग लगा दी। लोगों ने शोर मचाया, लेकिन किसी को वहां तैरना नहीं आता था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों को बुलाया और करीब तीस मिनट की मशक्कत के बाद शव तालाब से बाहर निकाल लिया। गोताखोरों ने बताया कि कूदने के बाद वह नीचे कीचड़ में फंस गया था।

### आज दिल्ली से भोपाल परिजन के पहुंचने पर पुलिस देगी शव

# होटल में कालगर्ल मर्डर मामले में महक को नहीं तलाश सकी पुलिस

## दलाल कुणाल 20 अप्रैल तक रिमांड पर

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**
बावड़िया कला में होटल के-स्क्वायर में कालगर्ल की हुई हत्या के मामले में पुलिस ने उसके परिवार को तलाश लिया है। दिल्ली में पुलिस को उसकी मां मिल गई है। मां ने पुलिस को बताया कि बेटी साल 2016 से परिवार के संपर्क में नहीं थी। वह भोपाल में रह रही थी इसकी भी जानकारी उन्हें नहीं है। शुक्रवार को परिजन भोपाल पहुंचेंगे। पुलिस उन्हें लेकर दिल्ली से भोपाल के लिए रवाना हो गई है। इधर, पुलिस ने कालगर्ल को होटल तक ड्राप करने वाले दलाल कुणाल ठाकुर को गिरफ्तार कर लिया है। वह शाहपुरा इलाके में ही छिपा हुआ था। पुलिस उसे 20 अप्रैल तक के लिए रिमांड पर लिया है।



उससे पुलिस रैकेट के बारे में जानकारी जुटा रही है। बता दें, 13 अप्रैल को प्रियंका नगर कोलार निवासी रितुल ने 28 साल की कालगर्ल का होटल में मर्डर कर दिया था। मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी रितुल पाण्डेय, होटल मैनेजर योगेश कुमार, रूम अटेंडर सागर उर्फ सुरेन्द्र चौहान, इंद्र बहादुर को गिरफ्तार कर उन्हें 18 अप्रैल तक के लिए रिमांड पर लिया है। जबकि 20 अप्रैल तक कुणाल को रिमांड पर लिया है। फरार महिला महक का अभी पता नहीं चला है।

### दलाल बोला महक लड़कियों की सप्लायर

दलाल कुणाल ने पुलिस की प्रारंभिक पूछताछ में बताया कि होटल में जिस युवती का मर्डर हुआ वह उसे चार साल से जानता है। वह महक यादव के ई-5 अरेरा कॉलोनी में रह रही थी। कुणाल ने पुलिस को बताया कि महक यादव लड़कियों की सप्लाई करती है। उसके घर में ही बड़ी संख्या में लड़कियां रहती हैं। मर्डर के बाद से महक लड़कियों के साथ फरार हो गई। महक के साथ उसका पति आशुतोष वाजपेयी भी इस गंदे धंधे में लिप्त है।

### होटल में फोटो देकर आता था कुणाल

कुणाल ने पुलिस को बताया कि वह महक के लिए चार साल से काम कर रहा है। वह महक के कहने पर मामले में गिरफ्तार आरोपी इंद्र बहादुर के साथ शहरभर के होटलों में संपर्क करता है। होटल कर्मचारियों को वह महक के पास उपलब्ध कालगर्ल की फोटो वाट्सऐप में शेयर कर आता है। होटल कर्मचारियों को महक का मोबाइल नंबर दिया जाता है। ग्राहक जब कालगर्ल की डिमांड करता है तो वह महक को फोन करता है। कुणाल ने बताया कि उसे ग्राहक से मिले पैसों का 10 फीसदी कमीशन महक देती है। जबकि इतना ही कमीशन होटल के कर्मचारियों को महक देती है। शाहपुरा में जिस होटल में युवती की हत्या हुई उसके मैनेजर योगेश, रूम अटेंडर सागर को महक ने कमीशन देना तय हुआ था। इसबीच युवती का मर्डर हो गया। कुणाल ने बताया कि शहर के कई होटलों में वह लड़कियों को ड्राप कर चुका है।

### पति के बाद गंदे धंधे में उतरी

ई-5 अरेरा कॉलोनी निवासी महक का पति आशुतोष वायपेयी इस गंदे धंधे का पुराना खिलाड़ी है। भोपाल पुलिस उसे तीन बार गिरफ्तार कर चुकी है। गिरफ्तारी के समय खुलासा हुआ था कि उसके गिरोह की इंटरस्टेट कनेक्टिविटी है। वह दूसरे राज्यों की कॉलगर्ल इधर से उधर भेजने का भी काम करता है। आशुतोष के पिता और नाना डॉक्टर रहे हैं। पुलिस के घेरे में आने के बाद आशुतोष ने पत्नी को गंदे धंधे की कमान सौंप दी। अब उसकी पत्नी महक ही सेक्स रैकेट आपरेट करती है।

# कार ने मारी बाइक सवार चचेरे भाइयों को टक्कर, एक की मौत




**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**
बैरसिया थाना क्षेत्र स्थित गांव सोनकच्छ में तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार चचेरे भाइयों को टक्कर मार दी। हादसे में दोनों को गंभीर चोट आई थी। दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, वहां डॉक्टर ने एक नाबालिग को मृत घोषित कर दिया। जबकि भाई को गंभीर चोट होने के कारण भोपाल रेफर किया गया है। एएसआई उमाशंकर शर्मा ने बताया कि विनय उर्फ विनोद सहरिया पिता काशीराम सहरिया (16) गांव दिल्लोद, थाना गुनगा में रहता था। गुरुवार सुबह वह अपने चचेरे भाई मयंक के साथ भोपाल से गांव जाने के लिए बाइक से निकला था। दोनों भाई दोपहर करीब करीब साढ़े 12 बजे के आसपास सोनकच्छ गांव पहुंचे थे, तभी बैरसिया से भोपाल की तरफ आ रही कार ने उनकी बाइक को सामने से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों को गंभीर चोट आई थी। उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, वहां प्राथमिक जांच में ही विनय को मृत घोषित कर दिया गया।

### छाए रहे बादल



**भोपाल।** आज सुबह हल्के बादल छाए रहे लेकिन दिन चढ़ते ही तेज गर्मी शुरू हो गई। हालांकि दो दिन बाद फिर हल्की बरसात का अनुमान है।

# कॉलेज की छात्रा ने फांसी लगाकर की आत्महत्या



**भोपाल।** गौतम नगर थाना क्षेत्र स्थित नारियलखेड़ा में शिव मंदिर के पास गुरुवार दोपहर एक युवती ने फांसी लगा ली। नजर पड़ते ही परिजन उसे फंदे से उतारकर अस्पताल ले गए थे, लेकिन उसकी मौत हो चुकी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव बरामद कर पीएम के लिए भेज दिया है। शुक्रवार को युवती का पीएम कराया जाएगा। साथ ही परिजन के बयान दर्ज किए जाएंगे। सुसाइड नोट नहीं मिलने से आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है।

पुलिस के अनुसार आरती यादव पिता मनोहर यादव (22) शिव मंदिर के पास नारियलखेड़ा में रहती थी। वह कॉलेज में पढ़ रही थी। परिजन ने बताया कि गुरुवार दोपहर वह बातचीत कर रही थी। वह किसी तरह से परेशान नहीं थी। इसके बाद कमरे में पहुंची और फांसी लगा ली। दरवाजा धड़का हुआ था। परिजन कमरे में पहुंचे तो उन्होंने आरती को फांसी के फंदे पर लटके देखा था।

### गौरीशंकर आवासीय परिसर के पास हुआ हादसा

# बाइक फिसली एक छात्र की मौत, दो गंभीर

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**
कटारा थाना क्षेत्र स्थित झागरिया और कोलार को जोड़ने वाली अस्सी फीट रोड बायपास पर गौरीशंकर आवासीय परिसर के पास बने प्लांट के सामने गुरुवार रात तेज रफ्तार बाइक फिसल गई। इस हादसे एक छात्र की मौत हो गई, जबकि उसके दो साथी घायल हो गए। इस प्लांट के पास यह पहला हादसा नहीं है, बल्कि इससे पूर्व भी यहां आधा दर्जन से अधिक हादसे हो चुके हैं।

पुलिस के अनुसार हरिशचंद्र उर्फ



वासू पिता अनिल कुमार (20) स्वामी विवेकानंद परिसर कटारा हिल्स में रहता था। वह सेज यूनिवर्सिटी में इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर रहा?था। मूलतः त्यौंथर, जिला रीवा निवासी हरिशचंद्र और साथी अमित और अभिषेक के साथ झागरिया बायपास से गौरीशंकर आवासीय परिसर होते हुए स्वामी विवेकानंद परिसर जा रहा था। रात करीब 8 बजे के आसपास उसकी बाइक अनियंत्रित होकर प्लांट के सामने फिसल गई। बाइक की रफ्तार अधिक होने के कारण बाइक सवार तीनों युवक करीब तीस मीटर तक घिसटे थे। उन्हें गंभीर चोट आई?थी। तीनों को एंबुलेंस अस्पताल लेकर पहुंची, वहां डॉक्टर ने हरिशचंद्र को मृत घोषित कर दिया।

# मतदान प्रतिशत बढ़ाने की मुहिम तेज, मिलेंगे उपहार

### जिला निर्वाचन अधिकारी ने मार्केट एसोसिएशन के साथ बैठक की

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**
जिला प्रशासन ने भोपाल में लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए व्यापारियों के साथ मिलकर मतदाताओं को जागरूक करने की मुहिम तेज की है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने मार्केट एसोसिएशन के साथ बैठक की। जिसमें जिले के मतदान प्रतिशत बढ़ाने एवं अधिक से अधिक मतदाताओं को मतदान के लिये प्रेरित करने एवं स्वीप गतिविधियों के संबंध में चर्चा की गई। उन्होंने व्यापारियों से अपील की कि सभी अपने-अपने स्तर पर अपने संस्थान के माध्यम से मतदाताओं को मतदान के लिये प्रेरित करने, डिस्काउंट कूपन, आफर एवं गिफ्ट्स प्रदान करने का प्रयास करें, जिससे मतदान प्रतिशत में वृद्धि हो। उन्होंने बताया कि



सभी मतदान केंद्रों पर पहले मतदाता को स्पेशल बैज दिया जाएगा। मार्केट एसोसिएशन से विशिष्ट कार्य करने वाली संस्था को 15 अगस्त पर सम्मानित किया जाएगा।

मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जिला प्रशासन एवं मध्यप्रदेश चेंबर आफ कामर्स इंडस्ट्रीज से संबंध 92 व्यापारिक संगठन मतदाताओं को प्रोत्साहित करेंगे। सात मई के बाद एक भव्य समारोह में बंपर इनाम का ड्रा निकाला जाएगा। जिसमें लैपटाप, टीवी, फ्रिज, वाशिंग मशीन, माउस, लंच बाक्स, हाट प्लेट, सफारी सूट लेंथ, कैप, टी शर्ट, मोबाइल फ़ोन , मोटर साइकिल, स्कूटी सहित कई बड़े इनाम लकी ड्रा में निकाले जाएंगे।टिंबर मर्चेंट व्यवसाय संघ की ओर से 25 हजार रुपये कीमत की डाइनिंग टेबल एवं कपड़ा व्यापारी संघ बैरागढ़ की तरफ से सफारी सूट तथा डायमंड रिंग की घोषणा की।

**मेट्रो एंकर** | **मप्र मानव अधिकार आयोग**

# स्कूल बैग पॉलिसी पर आयोग ने मांगा जवाब, डीपीआई ने जारी किए पालन के आदेश

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**
प्रदेश में स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा स्कूल बैग पॉलिसी लागू की है, लेकिन इसका पालन नहीं कराया जा रहा है। हालात यह हैं कि स्कूल अपनी मनमानी कर रहे हैं और बच्चे अपने नन्हें कंधो पर वजन ढो रहे हैं। बच्चों को मनमर्जी किताबें बढ़ाई जा रही हैं और होमवर्क भी दिया जा रहा है। मामले में मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग ने संज्ञान लेकर लोक शिक्षण संचालनालय आयुक्त और जिला शिक्षा अधिकारी भोपाल से जवाब मांगा था। जिसके बाद डीपीआई ने सभी जिला शिक्षा अधिकारी, विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य, समस्त प्राचार्य निजी-सरकारी स्कूलों को नियमों का पालन करने दिशा-निर्देश जारी किए है। इसके साथ ही कहा है कि जिला शिक्षा अधिकारी अपने



जिले में रेंडमली शालाओं का चयन कर प्रत्येक तीन माह में स्कूल बैग के वजन की जांच करें और बस्ते का वजन निर्धारित सीमा में हो, यह भी सुनिश्चित करें।

### यह है पूरा मामला

दरअसल, स्कूल बैग पालिसी-2020 के पालन को लेकर स्कूल शिक्षा विभाग ने दिशा-निर्देश जारी किए थे। प्रत्येक स्कूल को नोटिस बोर्ड एवं कक्षा में बस्ते के वजन का चार्ट लगाना थे, लेकिन किसी भी स्कूल ने यह चार्ट नहीं लगाया है। राज्य शिक्षा केंद्र ने सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को इस संबंध में निर्देश जारी करते हुए हर महीने का रिकॉर्ड भी रखने की बात कही थी। इसके साथ ही इसकी सघन मॉनिटरिंग के निर्देश भी दिए थे, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी अभी भी बेपरवाह ही हैं। वे अब तक स्कूल बैग पालिसी-2020 का पालन नहीं करा पाए हैं। हालांकि कुछ स्कूलों में छोटी कक्षाओं में बस इसका पालन किया जा रहा है। ऐसे में आयोग ने मामले में संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों से जवाब मांगा था।






स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022